दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 336
कोटद्वार बुधवार
19 अप्रैल 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

# उत्तराखण्ड में पर्यटन के क्षेत्र में अपार संभावनाएं : सीएम

## युवाओं को स्किल में बढ़ावा देने की जरूरत

**जयन्त प्रतिनिधि**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में राज्य में अपार संभावनाएं हैं। इस दिशा में यहां के युवाओं में स्किल को बढ़ावा देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य में युवाओं को पर्यटन एवं होटल व्यवसाय के क्षेत्र में प्रशिक्षित करने के लिए, यदि स्विटजरलैण्ड से कुछ अच्छे प्रशिक्षकों की व्यवस्था हो सकती है, तो इस दिशा में कार्य किया जाए। राज्य में प्रशिक्षण के लिए आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था सरकार की ओर से की जायेगी। युवाओं को सर्टिफिकेट कोर्स की अच्छी सुविधा मिलने से उनके हुनर को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास में स्विस एजुकेशन ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर क्लाडियो रैकनेलो के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने भेंट की। इस अवसर पर राज्य में युवाओं को पर्यटन एवं होटल व्यवसाय से संबंधित प्रशिक्षण के लिए चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत राज्य में 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए बेहतर व्यावसायिक पाठ्यक्रम के लिए भी स्विस एजुकेशन ग्रुप से मदद ली जाए। विद्यार्थियों को बेहतर व्यावसायिक शिक्षा मिले इसके लिए विस्तृत योजना बनाई जाए। राज्य में पर्यटन के साथ-साथ साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पर्यटन, शिक्षा, साहसिक पर्यटन की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्विटजरलैण्ड से यदि कोई प्रतिनिधिमण्डल आना चाहता है, तो उनको देवभूमि उत्तराखण्ड में सरकार की ओर से पूरा सहयोग दिया जायेगा। स्विस एजुकेशन ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर क्लाडियो रैकनेलो ने कहा कि स्विट्जरलैंड में आध्यात्मिक गतिविधियों के क्षेत्र में कार्य करने की काफी संभावनाएं हैं। यदि वहां पर आध्यात्मिक गतिविधियों पर आधारित केन्द्रों में उत्तराखण्ड से इस क्षेत्र के विशेषज्ञ कार्य करें, तो इसमें कार्य करने के लिए अनेक संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की और से जो भी सहयोग मांगा जायेगा, उसे पूरा करने के हर संभव प्रयास किये जाएंगे। इस अवसर पर स्वामी अभय दास, सूर्य प्रताप सिंह, सचिव शैलेश बगोली, रविनाथ रमन, सचिन कुर्वे, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, शिक्षा महानिदेशक बंशीधर तिवारी उपस्थित थे।



**स्विस एजुकेशन ग्रुप के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर क्लाडियो रैकनेलो को पौधा भेंट करते हुए सीएम पुष्कर सिंह धामी।**

## जोशीमठ में कार खाई में गिरी, चालक की मौत

**चमोली।** मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे के लगभग तपोवन से सुभांई भविष्यबदरी जा रही कार रिंगी गांव से डेढ़ किमी आगे एक बैंड में अनियंत्रित होकर 150 मी गहरी खाई में गिर गई, जिसमें चालक की मौके पर ही मौत हो गई। कोतवाल कैलाश चन्द्र भट्ट ने बताया कि बताया कि सुभांई निवासी 58 वर्षीय नत्था सिंह नेगी कार से अपने घर जा रहे थे, रिंगी गांव से डेढ़ किमी आगे कार अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी, जिस कारण चालक की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि दुर्घटना से ठीक पहले चालक ने इसी कार में बैठे नेपाली मूल के व्यक्ति को उतार कर सड़क में पड़े पत्थर को हटाने को कहा। उन्होंने बताया कि नेपाली मूल का व्यक्ति पत्थर हटा ही रहा था कि कार खाई में जा गिरी। कोतवाल ने बताया कि शव का सीएचसी जोशीमठ में पीएम के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया है। तपोवन निवासी ओम प्रकाश डोभाल ने बताया कि मृतक रजिर्स्टड मैडिकल प्रैक्टिसनर था व तपोवन में उसकी दवाई की दुकान थी।

## बच्चों के बस्ते का बोझ हल्का करने के साथ ही होमवर्क भी होगा कम, शिक्षा विभाग बना रहा योजना

**देहरादून** । शिक्षा विभाग निजी स्कूलों में महंगी किताबों का बोझ कम करने के साथ ही बस्ते का बोझ भी हल्का करने की तैयारी कर रहा है। ऐसे में कक्षाओं के मुताबिक छात्रों की किताबों को भी कम करने का प्लान किया जा रहा है। इसके अलावा होमवर्क में भी कमी की जाएगी। कक्षा एक से दो तक के छात्रों को कोई होमवर्क नहीं दिया जाएगा।कक्षा तीन से केवल दो घंटे का होमवर्क प्रति सप्ताह दिया जाएगा। इस संबंध में शिक्षा विभाग, एससीईआरटी के साथ मिलकर कार्य योजना तैयार कर रहा है। उप खंड शिक्षा अधिकारी रायपुर विनोद कुमार ने बताया कि इस संबंध में एससीईआरटी की ओर से काम हो रहा है। इसके अलावा स्कूलों में जांच भी चल रही है। शिक्षा विभाग की ओर से चार टीमों का गठन किया गया है। यह चार टीम अलग अलग ब्लॉक स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी की देखरेख में बनाई गई है। रोजाना इस तरह की शिकायतें मिल रही थीं कि निजी स्कूल फीस में बढ़ोतरी कर रहे हैं। साथ ही हर साल स्कूल ड्रेस बदल रहे हैं। यही नहीं, एक ही दुकान से किताबें खरीदने के लिए कह रहे हैं। एनसीईआरटी की किताबों के अलावा निजी पब्लिकेशन की महंगी किताबें खरीदने के लिए कह रहे हैं। इन सभी मामलों में शिक्षा विभाग ने कमर कस ली है और जांच प्रक्रिया शुरू कर दी है। जांच की यह प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरी हो जाएगी। इसके बाद रिपोर्ट शिक्षा विभाग को सौंप दी जाएगी।

## जिंदा है प्रसिद्ध भारतीय पर्वतारोही बलजीत कौर, अन्नपूर्णा चोटी से रेस्क्यू सफल

**काठमांडू, एजेंसी।** रिकॉर्ड बनाने वाली भारतीय महिला पर्वतारोही बलजीत कौर को खोज लिया गया है। अन्नापूर्णा बैस कैंप से बलजीत कौर लापता हो गई थी। लेकिन अब उन्हें तलाश लिया गया है। हालांकि, एक अन्य पर्वतारोही की मौत हुई है। मंगलवार को हिमाचल प्रदेश में उनके निधन की खबरें आने के बाद अब नेपाली मीडिया के तरफ से उनके जिंदा होने की जानकारी दी है। नेपाली मीडिया ने उनके जिंदा होने की खबर साझा की और बताया कि बलजीत कौर को रेस्क्यू किया जा रहा है।27 वर्षीय बलजीत कौर ने असली माउंट मानसलू पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला और ऑक्सीजन के बिना माउंट मानसलू पर चढ़ने वाली सबसे कम उम्र की महिला और बिना ऑक्सीजन के माउंट मनास्लू पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला का रिकॉर्ड तोड़ा।

## तापमान बढ़ने के साथ धधकने लगे जंगल, एक ही दिन में 18 स्थानों पर लगी आग

**देहरादून।** उत्तराखंड में मौसम का रुख बदलते ही एक बार फिर जंगल धधकने लगे हैं। मौसम में आए बदलाव के कारण तापमान बढ़ रहा है। इसका असर वनाग्नि पर भी दिखने लगा है। मंगलवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। इस दौरान प्रदेशभर में 18 स्थानों पर जंगल में आग लगने की घटनाएं दर्ज की गईं।

मौसम के शुष्क होते ही आग की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। मुख्य वन संरक्षक, वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार, मंगलवार को गढ़वाल में पांच और आरक्षित वन क्षेत्रों में 13 स्थानों पर वनाग्नि की घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें करीब 29 हेक्टेयर वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है, जिसमें 48570 रुपये की आर्थिक क्षति का आकलन किया गया है।

अब तक 196 घटनाओं में 272 हेक्टेयर वन क्षेत्र जला



इस वनाग्निकाल में अब तक कुल 196 घटनाओं में 272 हेक्टेयर वन क्षेत्र जल चुका है। जिसमें आठ लाख पांच हजार 960 रुपये की क्षति का आकलन किया गया है। अब तक गढ़वाल में 77, कुमाऊं में 102 और आरक्षित वन्यजीव विहारों में 17 वनाग्नि की घटनाएं प्रकाश में आ चुकी हैं।

मुख्य वन संरक्षक वनाग्नि एवं आपदा प्रबंधन निशांत वर्मा ने बताया कि मौसम में आए बदलाव के बाद वनाग्नि की घटनाओं में वृद्धि दर्ज की गई है। सभी प्रभागों को अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

### उत्तर प्रदेश पर लगे कलंक को हम मिटा चुके हैं

## प्रदेश में 2017 के बाद दंगे की नौबत ही नहीं आईः सीएम योगी

**लखनऊ, एजेंसी** । मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर लगे दंगे के राज्य के कलंक को हम मिटा चुके हैं। 2017 से पहले यूपी दंगे के लिए जाना जाता था। हर दूसरे दिन दंगा होता था। 2012 से 17 के बीच 700 से ज्यादा दंगे हुए थे। 2017 के बाद दंगे की नौबत ही नहीं आई। आज किसी जनपद के नाम से यूपी में डरने की आवश्यकता नहीं है। यूपी की पहचान के जो लोग संकट हुआ करते थे आज वह स्वयं संकट में हैं। आज कोई भी अपराधी व्यापारी को धमका नहीं सकता। उत्तर प्रदेश सरकार आप सभी निवेशकों की पूंजी को सुरक्षित रखने में सक्षम है।



सीएम योगी ने मंगलवार को पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र एवं परिधान (पीएम मित्र) योजना के अंतर्गत लखनऊ-हरदोई में एक हजार एकड़ में विस्तृत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना को लेकर लोकभवन में आयोजित एमओयू के कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान केंद्रीय वाणिज्य, उद्योग एवं कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय कपड़ा राज्य मंत्री विक्रम जरदोश मौजूद थीं।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि पहले कहा जाता था, जहां से अंधेरा शुरु हो, वहां से उत्तर प्रदेश शुरू हो जाता है। 75 में से 71 जनपद अंधेरे में होते थे। आज ये दूर हो चुका है। आज यूपी के गांवों में स्ट्रीट लाइट्स जगमगा रही हैं।सीएम योगी ने कहा कि यूपी जैसा कृषि प्रधान राज्य जहां पर एक बड़ी आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर करती है। रोजगार के दृश्य से अगर हम देखें तो वस्त्र उद्योग ही सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाला क्षेत्र है। यूपी में वस्त्र उद्योग की एक समृद्ध परम्परा रही है। यहां का हैंडलूम, पावरलूम, वाराणसी और आजमगढ़ की सिल्क साड़ियां, भदोही का कारपेट, लखनऊ की चिकनकारी और सहारनपुर का क्राफ्ट यह सब विश्वविख्यात रहा है। उन्होंने कहा कि कानपुर कभी वस्त्र उद्योग का केंद्र रहा है उसकी गिनती 4–5 महानगरों में होती थी। सीएम योगी ने कहा कि यूपी न केवल अपने औद्योगीकरण के लिए बल्कि नगरीय व्यवस्था की दृष्टि से भी देश का एक महत्वपूर्ण प्रदेश माना जाता था।

## पिछले तीन सप्ताह में कोरोना हुआ बेलगाम, सक्रिय मामलों में दर्ज की गई 430% की वृद्धि

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली–एनसीआर में कोरोना के नए मामले मिलने में तेजी जारी है। पिछले करीब तीन सप्ताह से नए मामले मिलने का सिलसिला दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 30 मार्च को 932 मामलों से 17 अप्रैल को 4976 तक दिल्ली में कोरोना के एक्टिव केसों में लगभग तीन सप्ताह में 430 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखने को मिली है।

वहीं, सोमवार को दिल्ली कोरोना के 1017 नए मामले सामने आए हैं, जबकि स्वस्थ होने पर 1334 मरीजों को छुट्टी दी गई। वहीं चार मरीजों ने दम तोड़ दिया। दिल्ली में रविवार को कोरोना की जांच के लिए 3153 जांच हुई जिसमें 32.25 फ़ीसदी लोग संक्रमित पाए गए। दिल्ली में कोरोना के कुल एक्टिव केस बढ़कर 4976 हो गए हैं।

## बिल्किस बानो केसः दोषियों की रिहाई को चुनौती वाली याचिकाओं का निस्तारण दो मई को

**नई दिल्ली , एजेंसी।** बिल्किस बानो मामले में दोषियों को छूट पर मूल फाइलें मांगने के 27 मार्च के आदेश की समीक्षा के लिए याचिका दायर की जा सकती है। केंद्र और गुजरात सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में यह जानकारी दी। सुनवाई के दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस मामले में क़ैद के दौरान दोषियों को पैरोल दिए जाने पर सवाल उठाया। साथ ही कहा कि अपराध की गंभीरता को देखते हुए राज्य द्वारा विचार किया जाना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने बिल्किस बानो मामले में दोषियों को सजा में छूट को चुनौती देने वाली याचिकाओं को दो मई को अंतिम निस्तारण के लिए सूचीबद्ध किया है।

गौरतलब है कि बिल्किस बानो ने पिछले साल 30 नवंबर को शीर्ष अदालत में राज्य सरकार द्वारा 11 लोगों को आजीवन कारावास से समय से पहले रिहाई को चुनौती दी थी। साथ ही यह भी कहा था कि इसने समाज की अंतरात्मा को हिला दिया है। वहीं, 4 जनवरी को जस्टिस अजय रस्तोगी और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने बानो द्वारा दायर याचिका और अन्य याचिकाओं पर सुनवाई की थी। हालांकि, न्यायमूर्ति त्रिवेदी ने बिना कोई कारण बताए मामले की सुनवाई से खुद को अलग कर लिया था।



दोषियों की रिहाई के खिलाफ दायर याचिका के साथ ही बिल्किस बानो ने 13 मई 2022 को दिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भी एक पुनर्विचार याचिका दायर की थी। इसमें शीर्ष अदालत के 13 मई, 2022 को एक दोषी की याचिका पर दिए गए आदेश की समीक्षा की मांग की गई थी। हालांकि समीक्षा याचिका को बाद में पिछले साल दिसंबर में खारिज कर दिया गया था।

13 मई 2022 को दिए फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को दोषियों की समय पूर्व रिहाई पर विचार करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने गुजरात सरकार को 9 जुलाई 1992 की उसकी नीति पर विचार करने को कहा था। इसके बाद ही 15 अगस्त 2022 को गुजरात सरकार ने दोषियों को समय पूर्व रिहा करने का आदेश दिया था। बता दें कि 2002 के दंगों के दौरान बिल्किस बानो के परिवार के सात लोगों की हत्या भी कर दी गई थी।

## सिमली गांव में भी लगेगा पिंजरा, ट्रैंक्यूलाइजर टीम होगी तैनात

### डीएम ने डीएफओ को दिये पिंजरा लगाने व गश्त बढ़ाने के निर्देश , डीएम बोले क्षेत्रवासियों की सुरक्षा पहली प्राथमिकता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान ने सोमवार की रात तहसील रिखणीखाल के ग्राम डल्ला व तहसील धुमाकोट के ग्राम सिमली का दौरा किया। इस दौरान डीएम ने डीएफओ को बाघ पकड़ने के लिए ग्राम सिमली में पिंजरा लगाने के साथ ही फारेस्ट कर्मियों की गश्त बढ़ाने के निर्देश दिये। साथ ही गांव में एक ट्रैंक्यूलाइजर टीम भी अलग से तैनात करने को कहा। वहीं दोनों घटना स्थलों पर वन विभाग, पुलिस कर्मचारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी गांव में डटे हैं। जिलाधिकारी ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव के आसपास कितने बाघ हैं, इसकी ठोस मॉनिटरिंग करते हुए सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया जब तक बाघ को पकड़ा नहीं जाता है तब तक गांवों में फॉरेस्ट विभाग के माध्यम से निरंतर गश्त कराई जाए और किसी भी प्रकार का इनपुट मिलने पर इसकी जानकारी तत्काल देना सुनिश्चित करें।

बाघ को पकड़ने के लिए डल्ला गांव में 2 ट्रेंक्यूलाइजर टीमों की तैनाती की जा चुकी है, जबकि सिमली के ग्रामीणों की सुरक्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी ने डीएफओ लैंसडौन की अगुवाई में पृथक से एक ट्रेंक्यूलाइजर टीम तैयार करने के निर्देश दिए है। जिलाधिकारी ने कहा कि क्षेत्रवासियों की सुरक्षा उनकी प्राथमिकता में है इसलिए बाघों को पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी ने सिमली में बाघ को पकड़ने के लिए तत्काल पिंजरा लगाने के निर्देश दिए हैं। सिमली के ग्रामीणों ने कहा कि बाघ वयस्क है और काफी तंदरुस्त भी है। जबकि इसके उलट डल्ला गांव में लगाए गए ट्रैक कैमरों में बाघ के दो शावक दिखाई दे रहे है जो कि शिकार करने में अनुभवहीन दिखाई दे रहे है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों से धारा 144 का अनुपालन करने की अपील की। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्रामीणों के पशुओं के लिए चारापत्ती, उनके स्वास्थ्य की देखभाल व खाद्यान्न इत्यादि की आपूर्ति करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीणों को कहा कि डल्ला गांव की तरह ही सिमली गांव में भी ट्रांक्यूलाइजर टीम तैनात की जाएगी। कहा कि बाघ को पिंजरे में कैद करने के लिए पूरी तैयारी की गई है। जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को कहा कि जब तक बाघ पिंजरे में कैद नहीं हो जाता तब तक गांव में सावधानी के साथ रहें। बाघ के हमले पर अलग-अलग दो स्थानों पर हुई 2 वृद्ध व्यक्तियों की मृत्यु होने पर वन विभाग, पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी बाघ को पिंजरे में कैद करने के लिए गांव में डटे हैं।



**डीएम डॉ. आशीष चौहान ग्रामीणों से वार्ता करते हुए।**

## अतीक के वकील के घर के पास बम से हमला, दहशत में इलाके के लोग, जांच में जुटी पुलिस

**प्रयागराज , एजेंसी।** माफिया अतीक अहमद और अशरफ के हत्याकांड के बाद प्रयागराज से एक और सनसनीखेज खबर सामने आ रही है। अतीक अहमद के वकीलों में से एक के घर के पास मंगलवार को एक गली में देसी बम फेंका गया। इस घटना से लोगों में दहशत का माहौल है। बताया जा रहा है कि दहशत फैलाने के उद्देश्य से बम फेंका गया है, जिसमें किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। कर्नलगंज पुलिस मामले की जांच में जुटी है।जानकारी के मुताबिक, प्रयागराज के कटरा गोबर गली में देसी बम फेंका गया है। इलाके में छोटू यादव नाम का शख्स रहता है उसी से हर्षित सोनकर नाम के लड़के का विवाद हुआ था। आरोप है कि हर्षित ने ही छोटू को निशाना बनाकर बम चलाया, विजय मिश्रा का इस विवाद से कोई लेना-देना नहीं है। पुलिस इलाके के चप्पे-चप्पे पर नजर रखे हुए है। साथ ही वहां की आवाजाही पर रोक लगा दी गई है।कर्नलगंज पुलिस स्टेशन के एसएचओ राम मोहन राय का कहना है कि अतीक के वकील दयाशंकर मिश्रा निशाने पर नहीं थे और यह घटना दो युवकों के बीच दुश्मनी का नतीजा थी।

## 20 अप्रैल को सूर्य ग्रहण, लेकिन बंद नहीं होंगे मंदिरों के कपाट

**देहरादून।** 20 अप्रैल को सूर्य ग्रहण है, लेकिन भारत में असर नहीं होगा। सूर्य का असर नहीं होने से न तो सूतक लगेगा और न ही मंदिरों के कपाट बंद किए जाएंगे। विद्या सोसाइटी कनखल के ज्योतिषाचार्य डॉ. प्रतीक मिश्रपुरी के मुताबिक, 20 अप्रैल का सूर्य ग्रहण का असर साउथ ईस्ट एशिया, ऑस्ट्रेलिया देशों में होगा।

ग्रहण पूरे भारत में दिखाई नहीं देगा। कहा कि सूर्य ग्रहण का किसी भी राशि पर प्रभाव नहीं होगा। गर्भवती महिलाओं पर भी कोई प्रभाव नहीं होगा, लेकिन जिनकी कुंडली में राहु सूर्य की युति और ग्रहण योग हैं, उन्हें ग्रहण प्रभावित कर सकता है।

## केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग पहुंचे ऊखीमठ, 25 अप्रैल को खुलेंगे बाबा केदार के द्वार

**रुद्रप्रयाग** । केदारनाथ धाम के रावल भीमाशंकर लिंग पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंच गए हैं। उनकी मौजूदगी में 25 अप्रैल को सुबह 6:10 बजे केदारनाथ धाम के कपाट खुलेंगे। इससे पूर्व रावल 20 अप्रैल को ओंकारेश्वर मंदिर में भगवान भैरवनाथ की पूजा-अर्चना में शामिल होंगे।

सोमवार को दुपहर करीब ढाई बजे रावल भीमाशंकर लिंग अपने शिष्य केदार लिंग के साथ ओंकारेश्वर मंदिर पहुंचे। यहां पुजारी शिव शंकर लिंग, बागेश लिंग और टी. गंगाधर लिंग और मंदिर के वेदपाठियों ने उनका स्वागत किया। 21 अप्रैल को रावल भीमाशंकर लिंग भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली को चल उत्सव विग्रह डोली में विराजमान कराएंगे।इसके बाद केदारनाथ धाम के लिए नियुक्त मुख्य पुजारी बागेश लिंग को धाम की छह माह की पूजा का संकल्प कराएंगे और पगड़ी व अचकन पहनाएंगे। इसके बाद रावल भगवान केदारनाथ की पंचमुखी मूर्ति को स्वर्ण मुकुट पहनाएंगे। वे देवदर्शनी तक डोली को धाम के लिए विदा करेंगे। इसके बाद, रावल 24 अप्रैल को केदारनाथ पहुंचेंगे।25 अप्रैल को सुबह 5.30 बजे रावल भीमाशंकर लिंग बाबा केदार की पंचमुखी डोली व छड़ी के साथ मंदिर में प्रवेश करेंगे। सभी औपचारिकताओं को पूरा करने बाद सुबह 6:10 बजे केदारनाथ मंदिर के कपाट खोले जाएंगे।

# महत्वकांक्षी योजनाओं के प्रस्ताव को प्रमुखता से शामिल किया जाए : शाह



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : वर्ष 2023-24 में जिला योजना से विकास कार्यों के लिए जन प्रतिनिधियों के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने वाले प्रस्ताव के संबंध में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय सभागार में बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि वर्ष 2023-24 की जिला योजना के विकास योजनाओं हेतु सभी जन प्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए प्रस्ताव उपलब्ध कराए जाएं तथा उनके क्षेत्र की महत्वकांक्षी योजनाओं के प्रस्ताव को प्रमुखता से शामिल किया जाए, इसमें किसी भी प्रकार की कोई संवादहीनता नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही विकास योजनाओं को धरातल पर उतारते हुए उसका लाभ आम जनमानस तक उपलब्ध कराया जा सकता है। इसके लिए यह जरूरी है कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करें।

बैठक में जिलाधिकारी ने उपस्थित सदस्यों से कहा कि वर्ष 2023-24 में जिला योजना के लिए उनके क्षेत्रों में जो भी विकास कार्य किए जाने हैं उसके लिए प्रस्ताव संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी के माध्यम से उपलब्ध कराए, ताकि सभी प्रस्तावों को अनुमोदन हेतु प्रभारी मंत्री के सम्मुख प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा जिला योजना में प्राविधान किया गया है कि 15 प्रतिशत तक की धनराशि स्वरोजगार योजनाओं के लिए रखी गई है। कहा कि जन प्रतिनिधियों के माध्यम से जो भी प्रस्ताव उपलब्ध कराए जाने हैं उनमें ऐसी योजनाओं का चयन किया जाए कि योजना का कार्य उसी वित्तीय वर्ष या अधिकतम दो वर्ष में पूर्ण कर लिया जा सके तथा 3 लाख से कम लागत की योजनाओं के प्रस्ताव को किसी भी दशा में शामिल न किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी क्षेत्र विशेष हेतु अधिकतम योजनाओं का चयन न किया जाए। यदि किसी कारण से विशेष क्षेत्र हेतु योजनाओं का चयन किया जाता है तो उसका कारण सहित स्पष्ट उल्लेख किया जाए।

## नौगांव में बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी का स्वागत

उत्तरकाशी। बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पंवार का नौगांव मुख्य चौराहे पर व्यापार मंडल, टैक्सी यूनियन एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। पेपर लीक मामले में पंवार बेरोजगारों के हित में 15 दिन जेल भी रहे।

उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेशभर का भ्रमण करने का निर्णय लिया गया है और बेरोजगारों को जगाने का प्रयास किया जा रहा है। बेरोजगार संघ के प्रदेश अध्यक्ष बॉबी पंवार ने नौगांव पहुंचने पर कहा कि बेरोजगारों के हित में उन्होंने सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ी एवं बेरोजगारों का हौसला बढ़ाया है और गरीब परिवार के बच्चों के साथ पेपर लीक मामले में खिलवाड़ हो रहा था। जिस कारण उन्होंने बेरोजगार हित में प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया और इस तरह के मामले में सरकार के खिलाफ कड़ा कदम उठाया।

## कालसी, चकराता में तहसील दिवस महज रस्म अदायगी बनकर रह गया

विकासनगर। पछुवादून से लेकर जौनसार बावर परगना की तहसीलों में तहसील दिवस महज रस्म अदायगी भर बनकर रह गया है। तहसील दिवस की जानकारी न मिलने से कहीं शिकायतकर्ता नहीं पहुंचे, तो कहीं अधिकारियों के देर से पहुंचने पर दूर दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोग अपने घरों को लौट गये। यही नहीं कुछ विभागों के अधिकारियों के न पहुंचने पर लोगों की समस्याओं का निदान नहीं हो पाया। एसडीएम ने ऐसे विभागों के अधिकारी कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने का निर्देश दिया है। तहसील दिवस आम तौर पर महीने के पहले मंगलवार को आयोजित किया जाता है, लेकिन इस बार विकासनगर से लेकर चकराता, कालसी, त्यूणी में तहसील दिवस पहले मंगलवार को आयोजित नहीं हो पाया। जिसके चलते महीने के तीसरे मंगलवार 18 अप्रैल को आयोजित किया गया, लेकिन तहसील दिवस अधिकारी, कर्मचारियों की लापरवाही की भेंट चढ़ गया। प्रचार–प्रसार न होने के कारण अधिकांश लोगों को तहसील दिवस की जानकारी नहीं मिली। जिससे तहसील दिवस महज औपचारिकता निभाने भर रह गया। विकासनगर में तहसीलदार चमन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में 19 शिकायतें आयीं, जिनमें 18 शिकायतें राजस्व विभाग व एक शिकायत ब्लॉक से सबंधित थी। सभी का मौके पर निस्तारण किया गया। जबकि कालसी तहसील में तहसीलदार सुशीला कोठियाल की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस पर एक भी शिकायतकर्ता नहीं पहुंचा। दिनभर अधिकारी कर्मचारी फरियादियों का इंतजार करते रहे।

# कोटा—क्वानू में परंपरा और आधुनिकता के साथ मनाया गया बिस्सू

विकासनगर। जनजाति क्षेत्र जौनसार बावर में इन दिनों बिस्सू पर्व की धूम है। पर्व के आखिरी दिन उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश की सीमा पर टौंस नदी किनारे स्थित गांव कोटा–क्वानू में बिस्सू पर्व मनाया गया।

जौनसार के तीन गांवों की ओर से आयोजित बिस्सू मेले में हिमाचल प्रदेश के सीमांत गांवों के ग्राीमीणों ने भी बड़ी संख्या में शिरकत की। कोटा–क्वानू में जौनसार के मैलोत, कोटा और मंझगांव के ग्रामीणों ने बिस्सू मेला आयोजित किया। मंगलवार सुबह से ही मेला स्थल पर लोगों के आने का सिलसिला शुरु हो गया था। देवता को बुरांश के फूल अर्पित करने के बाद ग्रामीण तीर कमान लेकर मेला स्थल पर पहुंचने लगे। तीनों गांवों की अलग अलग टोलियों ने परंपरा के अनुसार पहले एक दूसरे पर तंज कसे और फिर आपस में गले मिलकर बिस्सू पर्व की बधाई दी। इसके बाद लोकगीत और लोकनृत्य का दौर शुरु हुआ। इस मेले की खासियत यह भी है कि यहां जौनसारी संस्कृति के साथ ही पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश की संस्कृति के रंग भी देखने को मिलते हैं। हिमाचल प्रदेश के सीमांत गांवों से आए महिला, पुरुषों ने नाटी कर समां बांधा। आखिर में जौनसार की युद्धकला का प्रदर्शन करने वाले ठोड़ा नृत्य किया गया। ग्रामीण तीर कमान हाथ में लेकर नृत्य करते हुए एक दूसरे को मात देने की कोशिश में लगे रहे।

मेले में दिखा परंपरा और आधुनिकता का मिश्रण : कोटा–क्वानू के बिस्सू मेले में जौनसार बावर के अन्य क्षेत्रों के बिस्सू पर्व की अपेक्षा आधुनिकता का रंग अधिक दिखाई दिया। मेला स्थल पर एक दर्जन से अधिक स्टॉल लगे हुए थे, जिनमें खाने पीने के सामान से लेकर सजावट, सौंदर्य प्रसाधन का सामान मौजूद था। इसके साथ ही बच्चों के लिए मनोरंजन के भरपूर साधन थे। ग्रामीणों ने मेले में जमकर खरीदारी भी की।

## गर्मी की मार से बावड़ी की रौनक फीकी

विकासनगर। गंगभेवा बावड़ी में बैसाखी से शुरू हुए मेले पर भीषण गर्मी की मार पड़ रही है। गर्मी के चलते मेले में बहुत कम लोग पहुंच रहे हैं। जिससे मेला कारोबारियों में निराशा नजर आ रही है। ग्राहकों के नहीं पहुंचने से व्यापारियों के चेहरे लटके हैं। पांच दिन तक चलने वाले मेले को आठ दिन कर दिया गया है। छह दिन बीत चुके हैं, ऐसे में शेष दो दिनों में कारोबारियों का मुनाफा कमाना तो दूर दुकानों का किराया पूरा करना मुश्किल हो गया है। बावड़ी में बैसाखी पर लगने वाले मेले में पछुवादून के साथ ही हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले और उत्तर प्रदेश की सीमांत तहसील बेहट के गांवों के ग्रामीण घरेलू सामान और कृषि औजार खरीदने के लिए हर साल बड़ी संख्या में उमड़ते हैं।

# डीएम ने लिया यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा



जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने मंगलवार को बद्रीनाथ धाम पहुंचकर चारधाम यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बद्रीनाथ मास्टर प्लान के अन्तर्गत संचालित पुनर्निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि चारधाम यात्रा शुरू होने से पहले टोकन काउंटर, क्यू मैनेजमेंट सिस्टम, वैटिंग रूम, सूज स्टैंड तथा मंदिर परिसर तक जाने वाले आतंरिक मार्गो को दुरुस्त करते हुए मार्ग के किनारे रैलिंग व साइनेज लगायी जाए। विद्युत, पेयजल, शौचालय सहित अन्य सभी मूलभूत व्यवस्थाओं को सुचारू करें। मंदिर परिसर के आसपास निर्माण कार्यों के मलवे को साफ किया जाए। ताकि चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई असुविधा ना हो। इस दौरान जिलाधिकारी ने मास्टर प्लान में विस्थापित दुकानदारों के लिए नवनिर्मित दुकानों का निरीक्षण भी किया। श्रृद्धालुओं के लिए बद्रीनाथ मंदिर में प्रेवश और बाहर जाने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए धाम में क्यू मैनेजमेंट, पूजा अर्चना के लिए टोकन सिस्टम के साथ-साथ पूछताछ केन्द्र स्थापित किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा चारधाम यात्रा की सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है। बद्रीनाथ में मास्टर प्लान के तहत संचालित कार्यों का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने निर्माणदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि पर्याप्त संख्या में मशीनें एवं अन्य रिसोर्स लगाते हुए निर्माण कार्यों को तेजी से पूरा करें। चारधाम यात्रा के दृष्टिगत जो काम आवश्यक है, उसको प्राथमिकता से पूरा किया जाए। इस दौरान उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी, पीआईयू के अधिशासी अभियंता विपुल सैनी, आईएनआई के प्रोजेक्ट मैनेजर राजेश कुमार, गावर कन्स्ट्रक्शन लि. के प्रोजेक्ट मैनेजर विनीत चौधरी, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी सुनील पुरोहित आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### पेयजल आपूर्ति सुचारू करने की मांग की

नई टिहरी : धर्मानन्द उनियाल राजकीय महाविद्यालय नरेन्द्रनगर में पेयजल आपूर्ति न होने से महाविद्यालयों के शिक्षकों और कर्मचारियों ने प्राचार्य से शीघ्र महाविद्यालय में पेयजल आपूर्ति सुचारु करने की मांग की है।

मंगलवार को धर्मानंद उनियाल महाविद्यालय नरेन्द्रनगर में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों ने महाविद्यालय में पेयजल व्यवस्था सुचारु करने की मांग को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजेश कुमार उभान को ज्ञापन सौंपा। महाविद्यालय परीक्षा प्रभारी डॉ.न ताशा ने बताया कि बीते एक सप्ताह से महाविद्यालय में पेयजल का संकट बना है। कहा कि इन दिनों छात्रों की सेमेस्टर की परीक्षाऐं भी संपादित हो रही है, ऐसे में छात्रों और शिक्षकों को पेयजल को लेकर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। डॉ. सपना कश्यप ने कहा कि महाविद्यालय में आये दिन पेयजल आपूर्ति बाधित होती रहती है, लगातार तापमान में बढ़ोत्तरी हो रही है, ऐसे में पानी की अधिक जरुरत पड़ रही है, लेकिन पानी की आपूर्ति न होने के कारण कॉलेज में सभी लोगों को दिक्कतें उठानी पड़ रही है। उन्होंने प्राचार्य से जल्द कॉलेज की पेयजल व्यवस्था को सुचारु करने की मांग की है। (एजेंसी)

### भद्राज देवता की डोली ने यमुना तट पर किया स्नान

नई टिहरी : जौनपुर क्षेत्र के ईष्ट भद्राज देवता की डोली को उनके निवास स्थान जयद्वार गांव से ढोल दमाऊ के साथ स्नान के लिये यमुना नदी तट पर ले जाया गया। जिसके लोगों ने भद्राज देवता की पूजा अर्चना कर मन्नत मांगी। बुधवार को त्याड़ा में भद्राज देवता का भव्य मेला आयोजित होगा।

मंगलवार को नैनबाग के जयद्वारा गांव से ढोल दमाऊ के साथ भद्राज देवता की डोली को यमुना नदी के पवित्र जल स्नान से करवाया गया। लोगों ने देव डोली की पूजा अर्चना कर क्षेत्र के सुख समृद्धि और खुशहाली की मन्नत मांगी। जिसके बाद देव डोली ग्राम पंचायत कोटी पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों की ओर से भंडारे का आयोजन किया गया था।

# कांग्रेस ने केंद्र सरकार की नीतियों और कार्यों पर साधा निशाना

ऋषिकेश। कांग्रेसियों ने जय भारत सत्याग्रह के तहत आयोजित नुक्कड़ सभाओं में केंद्र सरकार की नीतियों और कार्यों पर निशाना साधा। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार पर तानाशाही का आरोप लगाया।

मंगलवार को सोमेश्वरनगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की जय भारत सत्याग्रह के तहत हुई बैठक में कांग्रेस नेता जयेन्द्र रमोला ने कहा कि देश में सत्याग्रह की आवश्यकता पड़ रही है, क्योंकि आज ना तो देश की सीमाएं सुरक्षित हैं, ना ही देशवासी। क़ानून व्यवस्था समाप्त हो गई है, महिलायें सुरक्षित नहीं हैं और महंगाई चरम पर है। आज कोई अपने अधिकारों की बात करता है, तो उसे देशद्रोही बता दिया जाता है। उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाती है। महानगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष नीलम तिवारी व संगठन महामंत्री दीपक जाटव ने कहा कि भाजपा सरकार तानाशाही कर रही है। मौके पर पूर्व प्रदेश सचिव शैलेंद्र बिष्ट, पूर्व सभासद तारावती जाटव, गीता देवी, किरन गुप्ता, पूजा, इंदु, सविता, गुड्डी, सरस्वती, सोमी, सावित्री, रुकमणि, लालमती, लीला, मीना, निर्मला, विमला, संतोष, अनीता, निशा, मीनल, विमला, शीला, रीया, मालती, देवी, गायत्री, शुशीला देवी, मंजू, दीपू, गौरव कुमार, आदित्य झा, संकेत कुमार, सोमा कुमारी, लाजवंती देवी आदि उपस्थित रहे। उधर, डोईवाला के धर्मुचक में जय भारत सत्याग्रह के तहत कांग्रेसियों ने नुक्कड़ सभाएं कीं। कांग्रेस अध्यक्ष मोहित उनियाल ने कहा कि एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2018 में लगभग 8,000 उच्च आमदनी वाले अमीरों ने देश छोड़ दिया था। जबकि एक दूसरी रिपोर्ट के अनुसार, 2014 के बाद से 23,000 भारतीय करोड़पति देश छोड़ चुके हैं। सवाल उठाया कि आखिर यह देश छोड़ने वाले अपने साथ देश की कितनी संपदा ले गये हैं। इन्हीं सब सवालों को लेकर मंगलवार को पीएम को पोस्टकार्ड भेजे गए।

## पशुओं के टीकाकरण हेतु शिविर आयोजित किया

विकासनगर। पशुपालन विभाग और ब्रुक इंडिया के सहयोग से चकराता ब्लॉक के रावना गांव में पशुओं के टीकाकरण के लिए एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान पशुपालकों को पशुओं में फैलने वाले रोग, लक्षण और निदान और उन्नत पशुपालन की जानकारी दी गई। शिविर में तीस पशुओं का टीकाकरण किया गया।

पशु चिकित्सालय चकराता के फार्मासिस्ट रोशन लाल शुक्ला ने ग्रामीण पशुपालकों को खुरपका, मुहंपका रोग समेत अन्य रोगों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बीमार पशु को अन्य पशुओं से अलग किया जाना जरूरी है। बताया कि किसान और पशुओं का चोली दामन का साथ है।

# मांस मदिरा बिक्री व अश्लील कार्यों पर लगे रोक

ऋषिकेश। तीर्थनगरी ऋषिकेश में मांस–मदिरा की बिक्री और अश्लीलता को लेकर संतों ने नाराजगी जताई। उन्होंने सरकार से इस प्रकार की गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की। मंगलवार को अखिल भारतरीय संत समिति एवं विरक्त वैषणव मंडल के तत्वावधान में श्रीराम तपस्थली ब्रह्मपुरी आश्रम में गंगा की अविरलता विषय पर मंथन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महामंडलेश्वर ईश्वर दास महाराज ने कहा कि हरिद्वार से देवप्रयाग तक कुंभ क्षेत्र है। बावजूद इसके यहां मांस मदिरा बेचा जा रहा है। यह पूर्णतया बंद होना चाहिए। कहा कि पर्यटन के नाम पर लोग गंगा को प्रदूषित करने का कार्य कर रहे हैं। कैंप के नाम पर नदियों किनारे शराब और मांस परोसा जा रहा है। उत्तराखंड के जंगलों में दूसरे धर्म के लोग ठिकाना बना रहे हैं। ऋषिकेश में अतिक्रमण की वजह से जगह–जगह जाम की समस्या बनी हुई है। पर्यटन और राफ्टिंग के नाम पर अश्लीलता चल रही है। युव– युवतियां अश्लील हरकतें करते दिख रहे हैं। इससे धार्मिक कार्य में समस्या आती है। संतों की इस नगरी में इस प्रकार के सभी कार्य बंद होने चाहिए। राफ्टिंग करना मना नहीं है, लेकिन अश्लीलता बंद होनी चाहिए। मौके पर महामंडलेश्वर दयाराम दास महाराज, आचार्य गोविंदाचार्य, तुलसी मानस मंदिर के महंत रवि प्रपन्नाचार्य, महंत स्वामी विजय स्वरुप महाराज , साक्षी धाम बृंदावन, स्वामी आलोक हरी महाराज, महंतराम दास त्यागी, महंत चक्रपाणि दास, सुदर्शनाचार्य, विवेकानंद दास, गंगा दास, शंकर दास, सूरज दास, अरविंद दास, गणेश दास, राम दास, अमृत दास, मनसुखा दास, अशोक दास, ईश्वर देव शास्त्री, अमर देव शास्त्री, आशीष, कौशलपति, आचार्य सुशील कुमार नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

## विदेशी महिला ने दून मिलने आने का झांसा देकर ठगे 2.70 लाख

देहरादून। विदेशी महिला बन साइबर ठग ने मिलने आने का झांसा देकर दून निवासी व्यक्ति से 2.70 लाख रूपये हड़प लिए। पीड़ति की तहरीर पर केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। रायपुर थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि धोखाधड़ी को लेकर दीपक सिंह पंवार निवासी जागृति विहार ने तहरीर दी। बताया कि ड्रेन राय अडारा नाम की महिला का उसके व्हाट्सएप पर मैसेज आया। दोनों में बातचीत होने लगी।

# फुटपाथ एवं सड़क पर दुकान लगाते हुए पाये जाने पर दुगुने चालान के साथ होगी कानूनी कार्यवाही: डीएम

देहरादून। जनपद में अतिक्रमण से बाधित सड़कों एवं फुटपाथों से अतिक्रमण हटाए जाने हेतु जिलाधिकारी सोनिका के निर्देशन पर 5 जोन बनाए गए है, जिनके लिए नगर निगम, पुलिस, प्रशासन की अलग–अलग संयुक्त टीम बनाकर प्रथम चरण में अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही की जा रही है। प्रथम जोन मोहब्बेवाला से राजपुर रोड़, द्वितीय जोन धूलकोट से कुआंवाला, द्वितीय बिन्दाल से प्रेमनगर, सुभाष रोड –क्रास रोड, तृतीय सर्वे चैक से कृषाली चैक (सहस्त्रधारा रोक डाकपट्टी, चतुर्थ ट्रांसपोर्ट नगर से गढ़ी कैंट व आईएसबीटी चैक से रिस्पना पुल, लाल पुल, कारगी चैक, शिमला बाईपास चैक से बड़ोवाला चैक तथा मोहब्बेवाला से राजपुर, पांचवा जोन छः नंबर पुलिया से हाथीखाना, अस्थल मालदेवता तथा कुठाल गेट तक अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई।

प्रथम जोन में 17 स्थानों, द्वितीय जोन में 04 स्थानों, तृतीय जोन में 8 स्थानों, चतुर्थ जोन में 20.स्थानों तथा पांचवे जोन में 06 चिन्हित स्थानों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। पहले चरण में चिन्हित 55 स्थानों से अतिक्रमण हटाये जाने की कार्यवाही की गई।प्राप्त सूचना के अनुसार नगर निगम देहरादून द्वारा कुल 103 चालान करते हुए लगभग धनराशि रू0 60500 अर्थदण्ड की कार्यवाही तथा पुलिस टीम द्वारा 75 चालान करते हुए लगभग धनराशि रू0 39000 के अर्थदण्ड की कार्यवाही की गयी तथा 02 ट्रक व 1 टैक्टर ट्राली सामान जब्त किया।जिलाधिकारी ने सम्बन्धित टीमों को निर्देशित किया कि कल से फुटपाथ एवं सड़क पर दुकान लगाते हुए पाये जाने पर दुगुना चालान के साथ होगी कानूनी कार्यवाही कार्यवाही करना सुनिश्चित करेंगे तथा जिन दुकानदारों द्वारा अपना सामान दुकान से बाहर रखा जाता है उनके विरूद्ध 10 हजार का चालान तथा एक बार अतिक्रमणमुक्त किये गए स्थान पर दुबारा अतिक्रमण करने पर दुगुने चालान के साथ ही कानूनी कार्यवाही करेंगे।

## चारधाम रुट पर स्थापित होगें उद्यान विभाग के 12 आउटलेट : जोशी

देहरादून। चारधाम यात्रा के दौरान यात्रा मार्ग पर स्थित उद्यान विभाग राज्य के स्थानीय उत्पादों के 12 आउटलेट बनाएगा। ये आउटलेट सुबह छह बजे से रात 10 बजे तक खुले रहेंगे। इनमें प्रदेश तथा प्रदेश के बाहर से आने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए किसानों, उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित उत्पादों को रखा जाएगा।

कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मंगलवार को इस बाबत आदेश किए। बताया कि पूरे यात्रा मार्ग पर 12 आउटलेट स्थापित किए जा रहे हैं। इनमें हरिद्वार और पौड़ी में एक– एक और देहरादून,टिहरी, रूद्रप्रयाग,चमोली, उत्तरकाशी में दो–दो वितरण केंद्र बनाए जाएंगे। इनके संचालन के लिए अधिकारियों की तैनाती दो पालियों में की जाएगी। उन्होंने बताया कि आउटलेट में मुख्य रूप से बुरॉश जूस, माल्टा जूस, हिन्सर जूस, ऑवला जूस, शहद, मशरूम, कैंडी आदि उपलब्ध होंगी।

## धूमधाम से मनाई जाएगी परशुराम जयंती

देहरादून। वैदिक ब्राह्मण सभा की ओर से भगवान परशुराम की जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा।

मंगलवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में सभा के संयोजक ओमप्रकाश वशिष्ठ ने बताया कि तीन दिवसीय महोत्सव 21 अप्रैल से शुरू होगा। 21 को शाम चार बजे भगवान परशुराम मंदिर प्रकाशनगर से नगर शोभा यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा गोविंदगढ़–चकराता रोड–बिदांल पुल–तिलक रोड–खुडबुडा–रामलीला बाजार–हनुमान चौक–पीपलमंडी–धामावाला–पलटन बाजार–घंटाघर से वापस चकराता रोड हुए परशुराम मंदिर में सपन्न होगी। शोभायात्रा में राम दरबार की झांकियां भी रहेंगी।

# रोडवेज संयुक्त मोर्चा ने प्रबंधन का अनुरोध ठुकराया

देहरादून। उत्तराखंड परिवहन निगम कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने निगम प्रबंधन के अनुरोध को ठुकरा दिया है। प्रबंधन ने 20 अप्रैल को होने वाले कार्य बहिष्कार को स्थगित करने का अनुरोध किया था, लेकिन मोर्चा के पदाधिकारियों का कहना है कि जब तक परिवहन सचिव और प्रबंध निदेशक की अध्यक्षता में वार्ता की तिथि और समय तय नहीं किया जाता तब तक मोर्चा कार्य बहिष्कार के निर्णय पर अडिग रहेगा। राष्ट्रीय राजमार्गों पर निजी बसों को परमिट देने समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने प्रबंधन को आंदोलन का नोटिस थमाया था। जिस पर रोडवेज प्रबंधन ने प्रबंधन निदेशक के देहरादून से बाहर होने का हवाला दिया और लौटने पर कर्मचारियों की मांगों को लेकर वार्ता करवाने का आश्वासान दिया। प्रबंधन ने आंदोलन स्थगित करने का अनुरोध किया। मंगलवार को संयुक्त मोर्चा की बैठक हुई, इसमें प्रबंधन के अनुरोध को ठुकरा दिया है।

मोर्चा के पदाधिकारियों ने कहा कि जब तक वार्ता की तिथि और समय तय नहीं होता तब तक कार्य बहिष्कार का निर्णय यथावत रहेगा। इस मौके पर संयोजक अशोक चौधरी, दिनेश पंत, राम किशनराम, जगदीश बहुगुणा आदि मौजूद रहे।

# साहित्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सम्मानित

देहरादून। दून पुस्तकालय और हिमालय पर्यावरण सोसायटी की ओर से आयोजित कार्यक्रम में साहित्य और विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। देहरादून में मंगलवार को दून पुस्तकालय के सभागार में आयोजित साहित्यिक समारोह का वरिष्ठ साहित्यकार पद्म कांत शर्मा प्रभात ने शुभारंभ किया। उन्हें पत्रकारिता गौरव सम्मान से नवाजा गया। चित्रकार एवं संगीतकार ज्ञानेंद्र कुमार को कला साधक सम्मान प्रदान किया गया। पर्यावरणविद जगदीश बाबला, गीतकार असीम शुक्ल भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। इस दौरान वरिष्ठ साहित्यकार शिक्षाविद डा. लक्ष्मी कांत त्रिपाठी के काव्य संग्रह अनंत आकाश पर चर्चा हुई।

मुख्य अतिथि प्रभात ने कहा कि अनंत आकाश साहित्य की अनुपम कृति है। इस दौरान डा. अमरदीप को उत्तराखण्ड गौरव, डा. माया सक्सेना को उत्तराखण्ड नृत्य गौरव, निशा मारकण्डेय को उत्तराखण्ड संगीत गौरव सम्मान से मिला। पत्रकार रविंद्र भदौरिया को डा. वाकणकर प्राचीन कला समान से सम्मानित किया गया। दून पुस्तकालय के पूर्व निदेशक एवं सलाहकार प्रो. बीके जोशी को उत्तराखंड गौरव सम्मान से नवाजा गया। मौके पर जीएस पांडे, एपी सक्सेना, श्याम श्याम, रईस अहमद, डा. राजेश डोभाल, संतोषी, श्यामल कांत बासु, अलका तिवारी, आशीष तिवारी, अनिल अग्रवाल, डा. इंदु अग्रवाल, डा. झरना माथुर, केडी शर्मा आदि मौजूद थे।

# कार्यों में सुगमता व गुणवता के लिए कार्यशाला आयोजित की

विकासनगर। पंडित शिवराम राजकीय महाविद्यालय त्यूणी में कार्यालय संबंधित विभिन्न कार्यों में सुगमता और गुणवत्तावर्धन के लिए मंगलवार को एक कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें मौजूद अतिथियों ने अपने अनुभव को साझा करते हुए कार्यालयों से संबंधित कुशल प्रबंधन और दक्षता के बारे में बताया। कार्यक्रम में पहुंचे मुख्य वक्ता सेवानिवृत प्रधानाचार्य देव सिंह शाह ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि किसी भी संस्थान और विद्यालय की सफलता उनके कार्यालय कुशल प्रबंधन पर निर्भर करती है।

बताया इससे संस्था के मुखिया के कार्यों में सरलता हो जाती है और वह अपने कार्यभार में अपने आप को बहुत सहज पाता है। बताया आज के इंटरनेट के युग में कार्यालयों के काम में भिन्नता अवश्य आयी है, पर प्रबंधन में ज्यादा अंतर नही आया है। डॉ. अंजना श्रीवास्तव ने कार्यालय प्रबंधन के पहलुओं पर प्रकाश डाला और कहा दूर दराज में कम स्टाफ वाले कार्यालयों में एक लिपिक द्वारा ही सभी कार्यों का संपादन किया जाता है। बताया दूर्गम स्थानों के कार्यालयों में यह समस्या निरंतर बनी हुई है। जिससे कुशल कार्यालयी प्रबंध करना संस्था के अध्यक्ष के लिए बहुत कठिन हो जाता है, और एक कामचलाऊ व्यवस्था करनी पड़ती है। बताया शासन को इस और भी ध्यान देना चाहिए।

## एक जुलाई को अमरनाथ यात्रा पर जाएंगे श्रद्धालु

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : कांवड़ सेवा समिति की ओर से विगत 26 वर्षों की भांति इस बार भी अमरनाथ यात्रा की तिथि निर्धारित की गई है। समिति से जुड़े पूरन चंद्र पुरी ने बताया कि अमरनाथ यात्रा कोटद्वार से 1 जुलाई को रात 10 बजे प्रस्थान करेगी। यात्रा देवीतालाब मंदिर जालंधर और स्वर्ण मंदिर अमृतसर के दर्शन करते हुए जम्मू पहुंचेगी। फिर पहल गाम से छोटी गाड़ियों का काफिला भक्तों को चंदनबाड़ी पहुंचायेगा। पुरी ने बताया कि यह यात्रा का प्रथम पड़ाव है। कहा कि जो भी भक्तगण अमरनाथ बाबा के दर्शन के इच्छुक हैं वे अपना मेडिकल करवा कर कांवड़ सेवा समिति में रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

## शिविर 196 मरीजों ने कराई जांच

**पौड़ी** : द हंस फाउंडेशन जनरल अस्पताल सेंड सतपुली में मंगलवार से तीन दिवसीय जनरल सर्जरी स्त्री रोग जांच शिविर शुरू हो गया है। शिविर के पहले दिन जनरल सर्जरी में 107, स्त्री जांच रोग में 89 मरीजों सहित कुल 196 मरीजों स्वास्थ्य लाभ लिया।अस्पताल के प्रशासनिक अधिकारी प्रीति ने बताया कि शिविर में जनरल सर्जन डॉ. अरुणेश दुबे व डॉ. मयंक सिंह द्वारा हर्निया, पाइल्स, पथरी, स्तन कैंसर, शरीर में गांठ एवं पेट से संबंधित जुड़ी बीमारियों के 107 मरीजों का परीक्षण किया। वही स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीक्षा शर्मा द्वारा गर्भवती परामर्श, बच्चेदानी की रसौली, बच्चेदानी का ऑपरेशन एवं अन्य प्रकार के स्त्री रोगो के 89 मरीजों का परीक्षण किया। जिसमें से 21 मरीजों को आपरेशन के लिए चयनित किया गया। जिनका दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन किया जायेगा। शिविर में निःशुल्क 43 अल्ट्रासाउंड, 11 सीटी स्कैन, एक्सरे खून की जांचे की गयी।

# नजीबाबाद चौराहे से देवी मंदिर तिराहे तक सड़क पर अव्यवस्थाओं का अंबार

## बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन व सड़क पर घूम रही रेहड़ी-ठेली बिगाड़ रही व्यवस्था

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : नजीबाबाद चौराहे से देवी मंदिर तिराहे तक सड़क पर अव्यवस्थाओं का अंबार लगा हुआ है। सड़क पर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन व इधर-उधर घूमती रेहड़ी-ठेली जाम का मुख्य कारण बन रही हैं। भीषण गर्मी में लग रहा जाम आमजन को रूलाने लगा है। लगातार बढ़ रही समस्या के बाद भी सरकारी सिस्टम लापरवाह बना हुआ है। अव्यवस्थाओं के कारण मार्ग पर दुर्घटनाओं का अंदेशा भी बढ़ गया है।

नजीबाबाद चौराहे से भाबर को जाने वाले मार्ग पर लगातार वाहनों का दबाव बढ़ता जा रहा है। ऐसे में सबसे बुरी स्थिति नजीबाबाद चौराहे से देवी मंदिर तिराहे के मध्य बनी रहती है।

शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। यातायात सुधार के लिए अतिरिक्त पुलिस कर्मी व होमगार्डों की तैनाती भी की गई है। जल्द ही नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

**विभव सैनी, पुलिस (क्षेत्राधिकारी) यातायात, कोटद्वार**

### प्रतिष्ठान बढ़ा रहे समस्या

देवी रोड में कांप्लेक्स, माल, रेस्टोरेंट, होटल सहित अन्य व्यवसायिक प्रतिष्ठानों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। लेकिन, अधिकांश प्रतिष्ठानों की ओर से पार्किंग की व्यवस्था तक नहीं की गई है। नतीजा प्रतिष्ठानों में आने वाले ग्रहाक अपने वाहनों को सड़क पर बेतरतीब खड़ा कर देते हैं। ऐसे में आमजन का सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।

चौराहे से निकलते ही पहले आटो व ई-रिक्शा चालकों ने सड़क पर अपना कब्जा जमाया हुआ है।

आटो व ई-रिक्शा चालक सड़क पर ही सवारी भरते नजर आते हैं। करीब तीन सौ मीटर दूर पनियाली गदेरे की पुलिया पार करते ही अव्यवस्थित तरीके से खड़े आटो व्यवस्थाएं बिगाड़ते नजर आते हैं। पार्किंग के नाम पर आटो चालकों ने पैदल चलने तक का रास्ता कब्जा दिया है। थोड़ी दूर मोटर नगर के समीप मैक्स वाहनों की पार्किंग बनी हुई है। सड़क पर खड़े मैक्स वाहनों के कारण हर समय हादसों का अंदेशा बना रहता है। यहीं नहीं दोपहर के समय गुजरने वाले भारी वाहनों के कारण पूरे दिन सड़क जाम रहती है।



कोटद्वार में देवी रोड पर व्याप्त अव्यवस्थाओं के चलते जाम में फंसे वाहन।

## शहर में सार्वजनिक प्याऊ की स्थिति में सुधार की मांग

### समस्या को लेकर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर के सार्वजनिक प्याऊकी व्यवस्थाओं में सुधार की मांग को लेकर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ ही राहगिरों को पानी की आवश्यकता होती है। ऐसे में इस ओर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

भाबर निवासी मनोज सिंह, सत्यपाल नेगी, राघव कुमार ने समस्या के संबंध में मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। बताया कि बाजार के साथ ही भाबर क्षेत्र में पचास से अधिक सार्वजनिक प्याऊ हैं। लेकिन, अधिकांश प्याऊ बदहाल स्थिति में पड़े हुए हैं। प्याऊ की टंकियों में पानी तक जमा नहीं हो रहा है। ऐसे में राहगिरों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालत यह है कि पूर्व में शिकायत के बाद भी जल संस्थान समस्याओं को लेकर गंभीरता नहीं दिखा रहा है। ज्ञापन में कोटद्वार बस अड्डे के समीप भी एक सार्वजनिक प्याऊबनवाने की मांग उठाई गई। कहा कि कोटद्वार बस अड्डे में हर रोज पहाड़ व मैदान से सैकड़ों यात्री पहुंचते हैं। गर्मी में उन्हें पानी के लिए नहीं भटकना पड़े इस पर गंभीरता से ध्यान दिया जाना चाहिए।

# आग व आपदा से बचाव के बताए तरीके

## अग्निशमन विभाग की ओर से आयोजित की गई गोष्ठी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार**: अग्निशमन सेवा सप्ताह के तहत दमकल विभाग की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान बालासौड़ तिराहे के समीप लोगों को आपदाओं से बचाव के तरीके बताए गए। दमकल अधिकारियों ने जानकारी को अधिक से अधिक व्यक्तियों तक पहुंचाने की अपील की।

मंगलवार को बालासौड़ स्थित एक भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। अग्निशमन अधिकारी सुरेश चंद्र ने कार्यशाला में मौजूद लोगों को आग की घटनाओं के साथ ही अन्य आपदाओं से बचाव के तरीके बताए। कहा कि जागरूकता से ही हम आपदाओं से होने वाले नुकसान को कम कर सकते हैं। कार्यशाला में मौजूद लोगों को अग्निशमन उपकरणों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अग्निशमन उपकरणों के प्रयोग की जानकारी होनी आवश्यक है। अभियान के दौरान टीम ने व्यापारियों से भी अपने प्रतिष्ठानों में अग्निशमन यंत्र लगवाने की अपील की। कहा कि इससे हम आग लगने की घटनाओं को समय पर रोक सकते हैं।



कोटद्वार के बालासौड़ में कार्यशाला के दौरान आपदा से बचाव की जानकारी देते दमकल कर्मी

# पहाड़ी की जीवनशैली से करवाया अवगत

## राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित की गई कार्यशाला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार में आयोजित कार्यशाला में शिक्षकों ने विद्यार्थियों को पहाड़ी की जीवनशैली से अवगत करवाया। इस अवसर पर 1 से 19 वर्ष की आयु के छात्र–छात्राओं को एल्बेंडाजोल दवाई खिलाई गई।

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोवर्स रेंजर्स इकाई के संयुक्त तत्वाधान में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया गया। प्राचार्य जानकी पंवार ने कहा कि पहाड़ी व्यंजन, पहाड़ी जीवन-यापन खास तौर पर हरी सब्जी, स्थानीय स्तर पर उगाए गए फलों को यदि आहार के रूप में ग्रहण करते हैं तो निश्चित रूप से मनुष्य के शरीर में बीमारी नहीं पनप पाएगी। इस अवसर पर राजकीय संयुक्त चिकित्सालय से डॉ. शारंग राकेश ने छात्र-छात्राओं को कृमि मुक्ति दिवस की सार्थकता के बारे में बताते हुए कहा कि देश के अधिकांश बच्चों (1 से 19 वर्ष की अवस्था) के पेट में यह बीमारी जन्म ले रही है, जिससे कि बच्चे पनप नहीं पाते और उनका शारीरिक विकास समुचित रूप से नहीं हो पाता।





कोटद्वार महाविद्यालय में आयोजित कार्यशाला में भाग लेते शिक्षक व विद्यार्थी ।

उन्होंने इस बीमारी से बचने के उपायों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर रोवर्स प्रभारी डॉ. जुनीष कुमार ने छात्र-छात्राओं को इस बीमारी के घातक प्रभावों से आगाह किया। रेंजर्स प्रभारी डॉ. सुषमा थलेड़ी ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए कृमि मुक्ति दिवस मनाए जाने के महत्व पर जोर दिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संतोष कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है, जिससे नवीन विचारों का सृजन होता है अतः शरीर को स्वस्थ रखने के लिए कृमि मुक्त होना आवश्यक है।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रोशनी असवाल ने इस बीमारी के कारणों पर प्रकाश डाला। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के इस कार्यक्रम में डॉ. अरविंद सिंह, डॉ. सुरभि मिश्रा, डॉ. अरुणिमा मिश्रा, डॉ. हीरा सिंह सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## श्रीनगर में पूर्व सैनिकों ने किया प्रदर्शन

**श्रीनगर गढ़वाल** : वन रैंक, वन पेंशन (ओआरओपी) में विसंगतियों के विरोध में गौरव सेनानी संगठन के बैनर तले पूर्व सैनिकों ने यहां रैली निकालकर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान पूर्व सैनिकों ने कहा कि ओआरओपी की विसंगतियों को दूर करने की मांग को लेकर दिल्ली जंतर-मंतर में आंदोलन कर रहे पूर्व सैनिकों को उनका खुला समर्थन है।

गोला पार्क में आयोजित धरना प्रदर्शन के दौरान पूर्व सैनिकों ने कहा कि ओआरओपी में कई तरह की विसंगतियां हैं। जिससे पूर्व सैनिकों के सामने दिक्कतें आ रही हैं। उन्होंने एमएसपी की विसंगतियों, पेंशन की विसंगति को दूर करने सहित 2016 के बाद पेंशन आने वाले पूर्व सैनिकों को भी ओआरओपी का लाभ दिलाने की मांग की। कहा यदि सरकार उनकी मांगों को गंभीरता से नहीं लेती है तो पूर्व सैनिक जगह–जगह आंदोलन व धरना प्रदर्शन के लिए विवश होंगे। जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी। मौके पर मथुरा प्रसाद सिलोड़ी, विजेंद्र कैंतुरा, अरूण बहुगुणा, राजेंद्र सिंह चंद, मातबर सिंह धनाई, इंद्र सिंह पंवार, मनमोहन, सुनील काला, हरि प्रसाद उनियाल, हर्षवर्धन सिंह नेगी, राजेश बहुगुणा, सुदर्शन रौथाण आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# डीएम ने लोनिवि गेस्ट हाउस व एंग्लिंग हट्र्स का किया निरीक्षण



डीएम डॉ. आशीष चौहान विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**सतपुली** : जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान ने सतपुली में लोनिवि गेस्ट हाउस व एंग्लिंग हट्र्स में हो रहे फिनिसिंग कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणदाई संस्था मंडी परिषद रुद्रपुर को एंग्लिंग हट्र्स के फिनिसिंग कार्यों को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने लोनिवि गेस्ट हाउस में हो रहे सौंदर्यकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारी को गुणवत्ता के साथ कार्य करने को कहा।

जिलाधिकारी ने एंग्लिंग हट्र्स में हो रहे फिनिसिंग कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्यदाई संस्था को हट्र्स में विद्युत सप्लाई व फर्श पर बेहतर टाइल्स लगाने के साथ ही स्विमिंग पूल पर टाइल्स सहित अन्य फिनिसिग कार्य को तय समय पर पूर्ण करने को कहा। उन्होंने एंग्लिंग हट्र्स का कार्य पूर्ण होने पर ही संबंधित विभाग को हैंडओवर करने के निर्देश दिए। डीएम ने उपजिलाधिकारी सतपुली, तहसीलदार व राजस्व उपनिरीक्षक को एंग्लिंग हट्र्स में हो रहे फिनिसिंग कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण कर कार्य तेजी से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित ठेकेदार को भी मजदूरों की संख्या बढ़ाते हुए कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने को कहा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सतपुली संदीप कुमार, प्रभारी तहसीलदार सुधा डोभाल, राजस्व उपनिरीक्षक वेदप्रकाश पटवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## छात्राओं को साइबर अपराध और महिला अपराध के बारे में बताया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जिले के नवसृजित थाना यमकेश्वर की पुलिस द्वारा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज थलनदी में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर छात्राओं को पुलिस की कार्यशैली के विषय में जानकारी देते हुए वर्तमान में बढ़ते इंटरनेट के प्रयोग व ऑनलाइन गेम के दुष्प्रभाव, साइबर फ्रॉड, नशे के दुष्परिणाम के संबंध में जागरूक करते हुए नशे को समाज से जड़ से खत्म करने के लिए सहयोग करने की अपील की गई।

इस दौरान थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने उत्तराखण्ड पुलिस एप, महिला सुरक्षा हेतु गौरा शक्ति एप के साथ-साथ डॉयल 112, साइबर हेल्पलाइन नम्बर आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

छात्राओं को महिला अपराध, साइबर फ्रॉड सम्बन्धी फोटों पाम्पलेट भी वितरित किए गए।

# भैंडगांव और डल्ला गांव में बाघ पर कैमरों और ड्रोन से रखी जा रही नजर

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जनपद पौड़ी गढ़वाल के नैनीडांडा और रिखणीखाल ब्लॉक के बाघ प्रभावित गांवों में कैमरों के साथ ही ड्रोन से भी आदमखोर बाघ की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। नैनीडांडा के भैडगांव में घटना के बाद से अभी तक बाघ की कोई गतिविधि नहीं दिखाई दी है, जबकि रिखणीखाल के डल्ला में बाघ लगातार घूम रहा है और वन महकमे के ट्रैपिंग कैमरे में कैद भी हुआ है। दो हमलों के बाद प्रशासन ने यहां के दो दर्जन गांवों में रात्रि कर्फ्यू लगा दिया है। ग्रामीणों को चारा पत्ती लेने के लिए भी बाहर नहीं जाने के हिदायत दी गई है।

वन संरक्षक गढ़वाल सर्किल पंकज कुमार ने बताया कि दोनों स्थलों पर कैमरों के साथ ही ड्रोन का भी इस्तेमाल बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए किया जा रहा है। ड्रोन काफी सुरक्षित भी है। नैनीडांडा के भैडगांव (सिमली) में बाघ की कोई गतिविधि अभी तक नहीं दिखाई दी। जबकि रिखणीखाल के डल्ला में दो बाघ दिखाई दे रहे है। वन महकमे की टीम पशुचिकत्सकों के साथ ट्रैक्यूलाइज करने की कोशिश कर रही है। सीएफ के मुताबिक पहला प्रयास यह है कि सक्रिय बाघ ट्रैक्यूलाइज हो जाए। बताया कि पहली और दूसरी घटना एक ही बाघ ने की इसके कोई प्रमाण अभी तक नहीं मिल पाए है, इसके प्रयास किए जा रहे हैं। बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए ट्रैपिंग कैमरों की संख्या में भी इजाफा किया गया है। बाघ का सबसे पहले हमला डल्ला गांव में हुआ था और इसके ठीक चार दिन बाद ही बाघ ने भैडगांव में रिटायर शिक्षक की जान ले ली थी। बाघ के हमलों को देखते हुए दोनों घटना स्थलों की दूरी भी बहुत अधिक नहीं है। हालांकि चुनौती अभी भी है कि यह पूरी तरह से साफ नहीं हो सका है कि हमला एक ही बाघ ने किया है, या फिर अलग-अलग ने। सीएफ ने बताया कि बाघ प्रभावित क्षेत्र में गढ़वाल वन प्रभाग और कालागढ़ टाइगर रिजर्व के साथ लैंसडौंन प्रभाग की टीमें भी लगाई दी गई है। स्थानीय ग्रामीणों को सजग रहने के लिए जागरूक भी किया जा रहा है।

गढ़वाल वन प्रभाग की डीएफओ स्वनिल अनिरुद्ध के मुताबिक डल्ला, जुई, पापडी में स्ट्रीट लाइट लगा दी गई है और ग्रामीणों से अकेले घर से बाहर न निकलने की अपील की जा रही है। बताया कि नैनीडांडा भैडगांव के पास बाघ की कोई गतिविधि अभी तक नहीं देखी गई है। दो टीमें गांव के गदेरे में भी सर्च ऑपरेशन चला रही है। जबकि ड्रोन के जरिए दूसरी टीम बाघ की गतिविधियों पर नजर रख रही है। मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक की अनुमति मिलते ही यहां पिंजरा भी लगा दिया गया है।

# सरकार की योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाएं

रुद्रपुर : केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कलक्ट्रेट सभागार में जिले के अधिकारियों की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान काशीपुर फ्लाई ओवर के निर्माण में आ रही दिक्कतों को जल्द दूर करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। साथ ही सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने को कहा।

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने मंगलवार को रुद्रपुर के कलक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधि के साथ जिले के अफसरों की बैठक ली। इस दौरान काशीपुर के विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने फ्लाई ओवर निर्माण में देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि पांच साल से फ्लाई ओवर का कार्य चल रहा है। लेकिन निर्माण में देरी से यातायात प्रभावित हो रहा है। मामले में भट्ट ने अधिशासी अभियंता एनएच से नाराजगी जाहिर करते हुए स्थानीय विधायक, एसडीएम, एसपी सिटी के साथ संयुक्त निरीक्षण करने और रोड व निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति, पूर्व में निर्धारित कार्य पूर्ण होने की अवधि, वर्तमान मे बढ़ाई गई अवधि की जांच करने के साथ ही अब तक लगाए गए ठेकेदार, निर्माण के दौरान ब्लैकलिस्ट या हटाए गए या काम छोड़ कर चल दिये ठेकेदारों के बारे में भी विस्तृत जानकारी लेने को कहा। काम पूरा होने में आ रही बाधाओं की जांच कर इन्हें दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने रामपुर-काठगोदाम तथा रुद्रपुर बाईपास निर्माण को जल्दी शुरू कराने के निर्देश परियोजना निदेशक एनएच को दिये। उन्होंने



पेयजल निगम और जल संस्थान की समीक्ष करते हुए अमृत योजनांतर्गत लोगों को अब तक पानी नहीं देने पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिशासी अभियंताओं को योजना के तहत पानी जल्द देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए अस्पताल में सभी उपचार उपकरण और सामग्री क्रियाशील रहने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड मशीन के लिए प्रस्ताव बनाकर देने के निर्देश सीएमओ को दिए हैं। इस मौके पर विधायक शिव अरोरा, त्रिलोक सिंह चीमा, आदेश सिंह चौहान, मेयर रामपाल सिंह, ब्लॉक प्रमुख ममता जल्होत्रा, भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, गुंजन सुखीजा, डीएम युगल किशोर पन्त, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, सीडीओ विशाल मिश्रा, डीएफओ संदीप कुमार, एसडीएम प्रत्यूष सिंह, पीडी हिमांशु जोशी, डीडीओ तारा ह्यांकी, नगर आयुक्त विवेक राय, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी नफील जमीन, महाप्रबन्धक उद्योग विपिन कुमार सहित अमित नारंग, योगेश वर्मा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

**विधायक ने धांधली का आरोप लगाया**

रुद्रपुर : बैठक में जसपुर क्षेत्र के विधायक आदेश चौहान ने मनरेगा कार्यों में धांधली का आरोप लगाते हुए शिकायत की। इस पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने मनरेगा के कार्यों में धांधली करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश डीडीओ को दिये। साथ ही मनरेगा के तहत इच्छुक व्यक्तियों को 100 का रोजगार मुहैया कराने की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए हैं।

**विधायक अरोरा ने समस्याओं के बारे में बताया**

रुद्रपुर : विधायक शिव अरोरा ने रुद्रपुर में खराब स्थिति में पड़े हैंडपम्पों, जल जीवन मिशन के लिए खोदी जा रही सड़कों को समय से सही कराने, केंद्रीय विद्यालय के लिए भूमि का चयन कराने, सफेद राशन कार्डों का भौतिक सत्यापन करने की समस्याओं से अवगत कराया। इस पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने संबंधित अफसरों को दिशा-निर्देश दिये।

## निर्वाचन के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

रुद्रपुर : तहसीलदार ने निर्वाचन कार्य में लगे सुपरवाइजरों और बीएलओ के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची में शामिल नामों का बारीकी से सत्यापन करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को तहसीलदार जगमोहन त्रिपाठी ने मतदाता सूची में अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा ग्रामीण और नगरीय क्षेत्र में बारीकी से निरीक्षण कर मतदाता सूची में शामिल नामों का सत्यापन करें। कहा अगर कोई व्यक्ति बाहरी क्षेत्र में रहने लगा है और उसका नाम सूची में शामिल है तो उसे तत्काल प्रभाव से सूची से हटा दें और नए नामों को जोड़ दें। उन्होंने कहा हर मतदाता का आधार कार्ड भी मतदाता सूची से लिंक किया जाए।

## डाकघर से चोरी छः बैटरी समेत आरोपी गिरफ्तार

रुद्रपुर : पोस्ट ऑफिस से बैटरी चुराने वाले दूसरे आरोपी को भी पुलिस ने 73 दिन बाद सामान समेत गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेशी के बाद जेल भेज दिया है। तीन फरवरी को चोरों ने डाकघर का ताला तोड़कर 16 बैटरियां, तीन मॉनीटर, एक एमपी काउंटर, एसबी काउंटर, सेविंग काउंटर की रेक एवं दराज, 18 खाली डाक थैले, जनवरी 2023 की बचत बैक टीएल एवं अन्य रिपोर्ट का बंडल, दिसंबर 2022, जनवरी 23 के एसबी, तीन नए खातों के आवेदन पत्र का बंडल चोरी कर लिए थे। मामले में डाकघर के कार्यवाहक उप डाकपाल गोपाल दत्त जोशी ने पुलिस को तहरीर दी थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात के चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। मुकदमा दर्ज होने के अगले ही दिन बाजार पुलिस चौकी प्रभारी होशियार सिंह के नेतृत्व में टीम ने रोडवेज स्टेशन के समीप से वार्ड पांच इस्लामनगर निवासी कासिम उर्फ बब्लू को गिरफ्तार कर लिया था। साथ ही उसके पास से तीन कंप्यूटर मॉनीटर, 6 बैटरी, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू बरामद किया था। मामले की विवेचना कर रहे चौकी प्रभारी सिंह ने सोमवार की रात दूसरे आरोपित वार्ड पांच इस्लामनगर निवासी साहिल हुसैन को भी चोरी की छह बैटरी और थैलों के साथ गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने आरोपी को न्यायालय में पेशी के बाद जेल भेज दिया है। (एजेंसी)

# कैबिनेट मंत्री को समस्याओं के निराकरण को लेकर सौंपा ज्ञापन

अल्मोड़ा : एसएसबी स्वयं सेवकों और दुग्ध संघ की समस्याओं के निस्तारण की मांग को लेकर शिष्ट मंडल ने अल्मोड़ा पहुंचे केबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा से मुलाकात की। समस्याओं के जल्द निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में एसएसबी स्वयं सेवकों के लिए राज्य सरकार की ओर से जारी शासनादेशों, मंत्रीमंडल के निर्णयों पर कार्यवाही की मांग की गयी है। इसके अलावा दुग्ध मूल्य प्रोत्साहन 6 रुपये प्रति लीटर दिये जाने, सचिव मानदेय एक रुपये लीटर दिये जाने, दुग्ध संघ अल्मोड़ा को पशु चिकित्सा अनुदान दिये जाने, हेड लोड एक रुपया प्रति लीटर प्रति किलोमीटर दिए जाने, दुग्ध संघ अल्मोड़ा को घाटे से उबारने के लिए अनुदान, दुग्ध संघ में व्याप्त भ्रष्टाचार की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की मांग की गई। वहीं राजकीय इंटर कॉलेज नगरखान का भवन निर्माण किए जाने, नगरखान में पशु चिकित्सालय खोले जाने, राज्य आंदोलनकारियों की पेंशन बढ़ाये जाने, क्षैतिज आरक्षण का विधेयक पारित कराये जाने, राज्य आंदोलनकारियों के आश्रितों को पेंशन दिये जाने और छूटे राज्य आंदोलनकारियों का चिन्हीकरण किये जाने की भी मांग ज्ञापन के माध्यम से की गई। यहां एसएसबी स्वयं सेवक कल्याण समिति के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रहामानंद डालाकोटी, जिलाध्यक्ष शिवराज बनौला आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## 28 छात्रों का हुआ चयन

रुद्रपुर : उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित मत्स्य निरीक्षकों की भर्ती में जीबी पंत विवि के मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के 28 छात्रों का चयन हुआ है। इसमें भानु चन्द्रा ने राज्य में प्रथम, प्रियका आर्या ने द्वितीय और सुमित जोशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इनके अलावा आलोक पवार, सौरभ जोशी विजयदीप धपोला, निशा चुफाल,दिनेश मोहन, बिपिन कुमार और अर्चना नग्नयाल ने मत्स्य निरीक्षक की परीक्षा पास की है। वही विवि के इतने सारे विद्यार्थियों के चयन होने पर कुलपति डॉ.मनमोहन सिंह चौहान, मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ.मालविका दास त्रकरूऔर पूर्व अधिष्ठाता डॉ. आरएस चौहान ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी

# अल्मोड़ा में 29 डिग्री पहुंचा पारा

अल्मोड़ा : अप्रैल दूसरे पखवाड़े में अब अल्मोड़ा में गर्मी का प्रकोप धीरे–धीरे बढ़ने लगा है। मंगलवार को भी दिन भर धूप खिलने से लोगों को उमस का सामना करना पड़ा। गर्मी बढ़ने के साथ ही लोगों की दिक्कतें बढ़ने लगी हैं। अप्रैल पहले पखवाड़े में तापमान में हर दिन उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा था। शुरुआती दिनों में मौसम के तेवर तल्ख होने से लोगों को गर्म कपड़े पहनने पड़ रहे थे। वहीं अब दूसरे पखवाड़े में मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल गया है। धूप खिलने से तापमान में भी हर दिन उछाल देखने को मिल रहा है। आपदा कंट्रोल से मिली



जानकारी अनुसार मंगलवार को भी अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तापमान में बढ़ोतरी से अब लोगों को उमस का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को भी दिन भर धूप खिली रही। (एजेंसी)

# ग्रामीणों ने सड़क के लिए किया प्रदर्शन

बागेश्वर : सड़क की मांग को लेकर होरोली के ग्रामीणों ने मंगलवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि 13 साल बीत जाने के बाद भी उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल रहा है।

चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग जल्द पूरी नहीं हुई तो आंदोलन का बिगुल बजा दिया जाएगा। होराली की ग्राम प्रधान मनीषा के नेतृत्व में ग्रामीण जिला मुख्यालय पहुंचे। यहां अपनी मांग को लेकर प्रदर्शन किया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि मार्च 2011 के पौठण, दारसिंग-खातीगांव-नाथीसेरा से भंतोला तब साढ़े नौ किमी. सड़क स्वीकृत हुई। यह सड़क मुख्यमंत्री की प्रथम परियोजना में शामिल है। इसके बावजूद सड़क 13 साल बीत जाने के बाद भी मूर्त रूप में नहीं आ पाई है। इस कारण ग्रामीणों को सड़क सुविधा का लाभ नहीं मिल रहा है। सड़क के अभाव में लोगों को आज भी मिलों पैदल चलना पड़ रहा है। गांव में रह रहे बुजुर्ग तथा बीजार लोगों को सड़क तक लाने के लिए आज भी डोली आदि का सहारा लेना पड़ रहा है। डोली को उठाने के लिए गांव में युवा भी नहीं है। पलायन के चलते लोग परेशान हैं। जल्द समस्या का समाधान नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर खड़क सिंह बोरा, खुशाला सिंह, दीवान सिंह, भूपाल राम, शेर सिंह, राम सिंह, कमल सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## आशाओं ने किया आंदोलन का ऐलान, 26 को देगें धरना

अल्मोड़ा : लंबे समय से मांगों पर सकारात्मक कार्यवाहीं नहीं होने से आशा फैसिलिटेटर और आशा कार्यकर्ता आक्रोशित है। आशाओं ने मांगों पर सकारात्मक कार्यवाही नहीं होने पर अब आंदोलन का ऐलान कर दिया है। 26 को आशा फैसिलिटेटर भारतीय कर्मचारी महासंघ के आह्वान पर धरना देगें। मामले में मंगलवार को आशा फैसिलिटेटर ने एडीएम के माध्यम से डीएम और प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन के माध्यम से कहा कि आशा और आशा फैसिलिटेटर लंबे समय से मांगों के निराकरण को लेकर विभिन्न माध्यमों से शासन प्रशासन से गुहार लगा चुके है। धरना प्रदर्शन भूख हड़ताल के माध्यम से भी सरकारों को चेताने का काम किया, बावजूद इसके अब तक आशाओं की मांगों पर गौर नहीं किया गया है।

# स्वयं सहायता के माध्यम से जड़ी बूटी की खेती करें

पिथौरागढ़ : सांसद अजय अम्टा ने कहा जनपद में बंजर भूमि में मनरेगा व स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से जड़ी बूटी की खेती कराएं। इससे लोगों को अच्छी आय होगी व बंजर भूमि का भी सदुपयोग होगा। मंगलवार को क्षेत्रीय सांसद टम्टा ने यहां विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक ली। उन्होंने केंद्र पोषित योजना मनरेगा, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा की। डीडीओ को कहा कि मनरेगा के तहत किए जा रहे विकास कार्यों का विवरण ग्राम पंचायतवार उन्हें उपलब्ध कराएं। जिससे पता चल सके कि मनरेगा के तहत जनपद की किस ग्राम पंचायत में कितने कार्य हो रहे हैं। मनरेगा के अंतर्गत सभी जॉब कार्ड धारकों को 100 दिन का रोजगार अवश्य देने के आदेश दिए। कहा कि मनरेगा के तहत बनाए जा रहे अमृत सरोवरों को बहते जलस्त्रोतों, धारों से जोड़ा जाए। सर्व शिक्षा अभियान की समीक्षा के दौरान क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों के सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए प्रस्ताव भारत सरकार को प्रेषित करने के आदेश सीईओ को दिए। इससे पूर्व जिलाधिकारी रीना जोशी ने विस्तार से जिले में किए जा रहे कामों की जानकारी दी। कहा किजो भी निर्देश दिए गये हैं उसका प्रभावी तरीके से अनुपालन किया जाएगा। इस मौके पर अध्यक्ष जिला पंचायत दीपिका बोहरा,विधायक डीडीहाट विशन सिंह चुफाल, मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## ग्रामीणों को जल संरक्षण के टिप्स दिए

चम्पावत : विश्व विरासत दिवस के मौके पर नौला फाउंडेशन ने सूखीढांग में सफाई अभियान चलाया। इस दौरान लोगों को भी अपने घरों और मोहल्लों में सफाई किए जाने के लिए प्रेरित किया। मंगलवार को नौला फाउंडेशन के जिला संयोजक सौरभ कलखुड़िया के नेतृत्व में सूखीढांग में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें ग्रामीणों और स्कूली बच्चों को नौलों, धारों के आसपास साफ–सफाई किए जाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही जल संरक्षण के लिए उपयोगी टिप्स दिए। कलखुड़िया ने कहा कि नौलों और धारों के जरिए ही हमारी पहाड़ की संस्कृति और सभ्यता विकसित होती है। यहां नरेंद्र जोशी, हरीश चंद्र जोशी, दीपा जोशी, होशियार सिंह, हर सिंह, जानकी देवी, तारा देवी, उमेश जोशी, हीरा सिंह, ललित मोहन जोशी आदि रहे। (एजेंसी)

## आग लगने पर 112 पर फोन करें

बागेश्वर : कपकोट अग्निशमन विभाग द्वारा सेवा सप्ताह के तहत मंगलवार को भराड़ी टैक्सी स्टैंड व अन्य स्थानों पर अग्निशमन की जानकारी दी। यहां अग्निशमन प्रभारी शत्रुघ्न सिंह ने सभी को आग लगने पर तुरंत 112 नंबर पर फोन करने को कहा। इसके बाद विभाग द्वारा उत्तर भारत कंपनी वालों को अग्निशमन उपकरण के उपयोग की जानकारी दी। इस मौके पर पवन कुमार, हयात सिंह, नीरज, चंद्रशेखर, टैक्सी यूनियन अध्यक्ष दयाल सिंह, चंदन, विनोद, त्रिलोक आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## रौखेत और सिमैल स्रोत में 50 प्रतिशत गिरावट

चम्पावत : रौखेत और सिमैल के स्रोत में पेयजल स्तर गिर गया है। करीब 50 फीसदी कमी आने के साथ ही कई इलाकों में पेयजल आपूर्ति बहाल करने में दिक्कत आ रही है। चम्पावत के रौखेत और सिमैल स्रोत में करीब 50 फीसदी की गिरावट आ गई है। इससे पेयजल आपूर्ति में बाधा आ रही है। रौखेत पेयजल स्रोत से शांत बाजार, भेट्ठी, भैरवा, मादली और कनलगांव में पेयजल आपूर्ति की जाती है। जबकि सिमैल गधेरे से टनकपुर रोड, जिला अस्पताल, खर्ककार्की नई कॉलोनी में पानी सप्लाई किया जाता है। पेयजल स्रोत में गिरावट आने से यहां पानी सप्लाई में कटौती की जा रही है। इससे यहां के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## मेडिकल संचालक को लगाया चूना

हल्द्वानी : एक मेडिकल संचालक ने दो महिलाओं पर आरडी खोलने व अवधि पूरी होने पर रकम नहीं लौटाने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र में मेडिकल स्टोर चलाने वाले एक व्यक्ति का कहना है कि छह माह पूर्व दो महिलाएं उनसे मिलने पहुंचीं थीं। उन्होंने अपने को एक संस्था का सदस्य बताया था।

# धूमधाम से मनाई जाएगी बहुगुणा की 104वीं जयंती

अल्मोड़ा : धरती पुत्र स्व. हेमवती नंदन बहुगुणा की 104वीं जयंती 25 अप्रैल को अल्मोड़ा जिले में धूमधाम से मनायी जाएगी। अल्मोड़ा में उनके नाम से बने हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में उनकी जयंती पर भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। मंगलवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेडियम में निर्माण कार्यों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। कहा कि धरती पुत्र के नाम से जाने जाने वाले हेमवती नंदन बहुगुणा की जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस मौके पर डीएम वंदना, एसएसपी रचिता जुयाल, भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा, पूर्व विधायक कैलाश शर्मा, सीडीओ अंतुल सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष अमित साह, महामंत्री धर्मेंद्र बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, फुटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरीश कनवाल, तहसीलदार कुलदीप पांडे आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पुलिस ने आरोपी को राजस्थान पहुंचकर थमाया नोटिस

पिथौरागढ़ : पुलिस ने ठगी के आरोपी को सीआरपीसी का नोटिस दिया। पुलिस के मुताबिक बीते दिसंबर माह भाटकोट निवासी आलोक कुमार दास ने कोतवाली में तहरीर दी। उनका कहना था कि एक अज्ञात व्यक्ति ने फोन पर स्वयं को उनका रिश्तेदार बताकर उनसे हजारों रुपये ठग लिए।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर भादवि की धारा 420 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। एसआई सुरेश कंबोज के नेतृत्व में जांच के दौरान गुडगांव राजस्थान निवासी मुबारिक खान का नाम सामने आया। पुलिस ने राजस्थान पहुंचकर आरोपी को नोटिस देकर न्यायालय के समक्ष पेश होने की सख्त हिदायत दी है। (एजेंसी)

## गुलदार ने स्कूटी सवारों पर किया हमला, एक गंभीर

चम्पावत : टनकपुर–चम्पावत नेशनल हाईवे में सूखीढांग से आगे स्कूटी सवार दो युवकों पर गुलदार ने हमला कर दिया। हादसे में एक युवक को गंभीर चोट आई है। उपचार के बाद दोनों को चिकित्सकों ने घर भेज दिया। सोमवार देर रात सूखीढांग से टनकपुर की ओर टिपनटॉप के समीप स्कूटी सवार खटीमा, ऊधमसिंह नगर निवासी दीपक भट्ट और इंद्र सिंह पर गुलदार ने हमला कर दिया। हादसे में स्कूटी में पीछे बैठे इंद्रसिंह को स्कूटी रपटने के कारण चोट आ गई। वहां से गुजर रहे लोगों के शोर करने पर गुलदार जंगल की ओर भाग गया। दोनों घायलों को वहां से गुजर रहे लोगों ने तुरंत उपजिला अस्पताल पहुंचाया।

# मोहित नगर संयोजक तो मनोज बनें प्रखंड अध्यक्ष

अल्मोड़ा : अल्मोड़ा में विश्व हिन्दू परिषद अल्मोड़ा की मंगलवार को बैठक में परिषद के कार्यों को प्रखंड और खंडों तक विस्तारित करने की रूपरेखा तैयार की गई।

इस दौरान मोहित तिवारी को अल्मोड़ा नगर का संयोजक व मनोज आर्या को हवालबाग का प्रखंड अध्यक्ष चुना गया। मंगलवार को धारानौला स्थित संघ कार्यालय में आयोजित बैठक में विश्व हिन्दू परिषद की रीति नीति पर चर्चा की गई।

मोहित तिवारी को अल्मोड़ा नगर का बजरंग दल संयोजक, गोविंद खोलिया को हवालबाग, नीरज जोशी को भैंसियाछाना, अरुण कपकोटी को लमगड़ा, सूरज कुमार को ताकुला प्रखंड संयोजक नियुक्त किया गया। वहीं, मनोज आर्या को हवालबाग, भैंसियाछाना में राजेंद्र सिंह, जागेश्वर से कैलाश चंद्र तिवारी, लमगड़ा से भगवत फर्त्याल को प्रखंड अध्यक्ष मनोनित किया गया। बैठक में परिषद के जिलाध्यक्ष डॉ. गोपाल सिंह नयाल, उपाध्यक्ष रणजीत नयाल, गणेश दत्त जोशी, गोविंद सिंह कनवाल, रवि जोशी, गौरव जोशी, त्रिलोक सिंह, नंदन प्रसाद, अरुण कपकोटी, नंदाबल्लभ जोशी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# छात्राओं को कानून की जानकारी दी

काशीपुर : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने ग्राम नारायणपुर में शिविर लगाया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं को बाल विवाह, घरेलू हिंसा, महिला उत्पीड़न, नशे के दुष्प्रभाव आदि की कानूनी जानकारी दी। मंगलवार को पैनल अधिवक्ता राजवीर सिंह ने बताया विवाह के लिए लड़की की आयु 18 और लड़के की आयु 21 वर्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा बाल विवाह करना और कराना गंभीर अपराध है। यदि गांव में किसी की भी कम उम्र में शादी की जा रही है तो उसकी और घरेलू हिंसा की पुलिस को जानकारी दें। इस दौरान सदस्यों ने राजकीय कन्या उच्च विद्यालय में छात्राओं को भी विभिन्न कानूनों से अवगत कराया। यहां वीर सिंह गौतम, संगीता रानी, लता देवी, सोनू कुमार, संजीव शर्मा रहे। (एजेंसी)

## मोबाइल चोरी के आरोपी को गिरफ्तार किया

पिथौरागढ़ : गंगोलीहाट पुलिस ने मोबाइल चोरी के एक आरोपी को पकड़ा है। पुलिस के मुताबिक बीते रोज बिहार व हाल निवासी गंगोलीहाट ने थाने में तहरीर दी। उनका कहना था कि एक अज्ञात व्यक्ति मोबाइल चोरी कर लिया है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ भादवि की धारा 380 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

## हत्याकांड का खुलासा करना बना चुनौती

चम्पावत : वीरांगना भागीरथी हत्याकांड का खुलासा पुलिस के लिए चुनौती साबित हो गया है। एक माह से अधिक का समय बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली ही हैं। पुलिस शीघ्र मामले का खुलासा करने का दावा कर रही है। बीते 14 मार्च को बिचई के पास हाईवे किनारे 83 वर्षीय भागीरथी देवी का शव पड़ा मिला था। महिला के गले, नाक और कान के जेवर गायब मिले थे। परिजनों और स्थानीय लोगों ने हत्या की आशंका जताई थी। परिजनों ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। मामले के खुलासे को लेकर ग्रामीणों ने सीएम कैंप कार्यालय में धरना-प्रदर्शन भी किया। जांच अधिकारी एसएसआई बची सिंह बिष्ट ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया है।

# गन्ना पर्ची वितरण में धांधली का आरोप लगाया

काशीपुर : किसानों ने चीनी मिल नादेही के सीसीओ और उनके सहयोगियों पर गन्ना पर्ची वितरण में धांधली करने का आरोप लगाया है। साथ ही जीएम समेत उच्चाधिकारियों से शिकायत की। मामले में जीएम ने एओ को जांच के आदेश दिए हैं। मंगलवार को किसानों ने मिल के जीएम विवेक प्रकाश को पत्र दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि फरवरी और मार्च माह में मिल कर्मियों ने 500 रुपये पर्ची के हिसाब से लोगों को हजारों पर्चियां जारी कर दी। कहा इसकी शिकायत सीसीओ से की तो उन्होंने कहा ऑनलाइन सिस्टम में कोई छेड़छाड़ नहीं हो सकती। इसमें बिना पासवर्ड के कोई काम नहीं होता है। आरोप लगाया कि फरवरी में जिन पर्चियों का समय निकल गया था, वह पर्ची भी सीसीओ ने फिर से कंप्यूटर में फीड करा दी। मामले में एक लिपिक भी सस्पेंड हो चुका है। किसानों ने सीसीओ पर गन्ना माफियाओं से हमसाज होने के आरोप भी लगाए। इधर, जीएम विवेक प्रकाश ने बताया कि किसानों की शिकायत पर एओ सत्यपाल सिंह को जांच सौंपी है। यहां संजीव कुमार, पदम सिंह, ब्रह्मानंद, राजाराम, मनोज, विपिन कुमार, रवि सिंह, सुंदर सिंह, किशन सिंह, देवेंद्र सिंह रहे। (एजेंसी)

## चीनी मिल गेट पर पक्की दुकानें बनाई जाए

काशीपुर : नादेही चीनी मिल गेट के दुकानदारों ने जीएम विवेक प्रकाश को ज्ञापन दिया। इस दौरान उन्होंने मिल गेट पर 40 पक्की दुकानों का निर्माण कराने की मांग की। मंगलवार को खोखा स्वामियों कहा वे 50 वर्षों से लकड़ी के खोखे में दुकानें लगाकर आजीविका चला रहे हैं। वह खेतिहर मजदूर हैं। उनकी आय का अन्य कोई स्रोत नहीं है। प्रदेश की सभी चीनी मिलों के गेट पर मिल प्रशासन ने दुकानें बनवाई हैं। नादेही चीनी मिल के गेट पर कोई भी पक्की दुकान नहीं है। कहा लोक निर्माण विभाग ने उन्हें नोटिस देकर खोखे हटाने को कहा है। उन्होंने कहा दुकानों के निर्माण के लिए दुकानदार अग्रिम जमानत राशि तक देने को तैयार हैं। कहा दुकानों का निर्माण होने से चीनी मिल की आय बढ़ेगी। यहां राजेंद्र सिंह, संजय कुमार, सुनील कुमार, रफीक अहमद, फिरासत हुसैन, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार, विनीत कुमार, साजिद हुसैन, छोटेलाल, अरमान, फिरासत, रजत कुमार, सुभाष चंद्र रहे। (एजेंसी)

# बीडीसी बैठक में जनप्रतिनिधियों ने समस्याएं बताईं

ऋषिकेश। डोईवाला ब्लॉक सभागार में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में जनप्रतिनिधियों ने अपने–अपने क्षेत्रों की समस्याएं उठाईं। बीडीसी सदस्यों ने अपने क्षेत्र के विभिन्न कार्यों से संबंधित प्रस्ताव भी दिए। बैठक में ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल की अध्यक्षता में विभागों के अधिकारियों ने अपनी योजनाओं के बारे में जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया। जनप्रतिनिधियों ने अपने पिछले प्रस्ताव पर काम न होने पर नाराजगी जताई। रानीपोखरी मोजा के क्षेत्र पंचायत सदस्य शिवराज तोमर ने वन विभाग, कृषि विभाग, उद्यान विभाग से क्षेत्र में कैंप लगाने का प्रस्ताव दिया। कहा कि गर्मियों का सीजन शुरू हो गया है और उनके क्षेत्र में पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। पानी के टैंक से सिर्फ एक बाल्टी पानी मिल रहा है। बड़कोट के क्षेत्र पंचायत सदस्य विजय भट्ट ने कहा कि बड़कोट में पीडब्ल्यूडी द्वारा वर्ष 2020 में डबल लेन सड़क का काम शुरू हुआ था, मगर आधे में काम रुका हुआ है। ग्रामीणों को मुआवजा भी नहीं मिल पाया है। उस सड़क पर 5 डेंजर जोन हैं, जहां दुर्घटनाएं होती रहती है। रानीपोखरी के क्षेत्र पंचायत सदस्य जीवन चौहान ने कहा कि उनका क्षेत्र जंगल से लगता है। रात के अंधेरे में जंगली जानवर आते रहते हैं। इससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। उन्होंने क्षेत्र में सोलर लाइट लगवाने का प्रस्ताव दिया। गुमानीवाला क्षेत्र पंचायत सदस्य गजेंद्र सिंह गुसाईं ने कहा कि खाद्य पूर्ति विभाग द्वारा बनाए गए राशन कार्डों की जांच होनी चाहिए। खंड विकास अधिकारी जगत सिंह ने कहा कि बैठक में वार्षिक योजना तैयार करने को क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने प्रस्ताव दिए हैं। बैठक में परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अधिकरण देहरादून रमेश चंद तिवारी, उपजिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी, ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल, कनिष्ठ प्रमुख विनोद राणा आदि रहे।

## अश्लील वीडियो कॉल कर साढ़े छह लाख ठगे

ऋषिकेश। एक शख्स को अज्ञात व्यक्ति ने मोबाइल पर कॉल की। उसी नंबर से अज्ञात महिला ने भी वीडियो कॉल की। आरोप है कि महिला ने अश्लील हरकतें करते हुए वीडियो बनाया, इसके बाद अज्ञात नंबर से कॉल आई। संबंधित ने खुद को क्राइम ब्रांच का आईपीएस अफसर बताकर शिकायत दर्ज होने की बात कही। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने का झांसा देकर अज्ञात के बैंक खाते में करीब साढ़े छह लाख रुपये की रकम ट्रांसफर करवा ली। कोतवाली पुलिस के मुताबिक यह घटना जयपाल सिंह निवासी सत्तीवाला, डोईवाला के साथ हुई।

# सरकारी विद्यालय में एडमिशन के लिए जागरुक किया

ऋषिकेश। राजकीय इंटर कॉलेज खदरी खड़कमाफ में नव प्रवेशी छात्र–छात्राओं के प्रवेशोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नए छात्र–छात्राओं का तिलक लगाकर अभिनंदन किया गया। साथ ही अभिभावकों को सरकारी विद्यालय में अधिक से अधिक बच्चों का प्रवेश कराने के लिए जागरूक किया। मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य डीएस कंडारी ने की। मुख्य अतिथि पर्यावरण सचेतक विनोद जुगलान ने कहा कि सरकारी स्कूलों की व्यवस्था में सुधार हो रहा है तो अभिभावक अपने बच्चों को राजकीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाएंगे। आह्वान किया कि बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कारवान भी बनाएं। जिला पंचायत सदस्य संजीव चौहान ने बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज में विद्यार्थियों की लगातार बढ़ रही संख्या के मद्देनजर जिला योजना एवं जिला पंचायत निधि से करीब 48 लाख रुपये की लागत से दो नए भवन बनवाए जा रहे हैं। अभिभावकों को लाइब्रेरी, निशुल्क पाठ्य पुस्तक, समाज कल्याण से मिलने वाली छात्रवृत्ति, बालिका प्रोत्साहन योजना के तहत निशुल्क साइकिल योजना, टेबलेट योजना आदि सुविधाओं के बारे में जानकारी दी।

# तय समय सीमा के अंदर शिकायतों का निस्तारण करें : डीएम

## तहसील दिवस में 52 शिकायतें दर्ज

श्रीनगर गढ़वाल : जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल डॉ. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में मंगलवार को खंड विकास कार्यालय कीर्तिनगर के सभागार में तहसील दिवस आयोजित किया गया। तहसील दिवस में 52 शिकायतें/अनुरोध पत्र दर्ज किए गए।

जिसमें अधिकांश शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरणों पर समय सीमा निर्धारित कर गंभीरता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए गए। मौके पर अधिकांश शिकायतें जल संस्थान एवं जल निगम से संबंधित रही। बैठक में जिलाधिकारी ने डीएफओ, मुख्य शिक्षा अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता पीएमजीएसवाई के अधिकारियों के अनुपस्थित रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

इस मौके पर प्रधान संगठन कीर्तिनगर के अध्यक्ष सुनय कुकशाल ने पंचायत प्रतिनिधियों को तहसील दिवस की सूचना न दिए जाने की शिकायत की। जखेड़, जाखी डागर के विकास मेहरा ने खोंगचा बैस्वोड़ पेयजल योजना में पानी की अपूर्ति न होने, झूलती विद्युत लाइन तथा पीपी कन्यालधार, पाब, जखेड़ डागर, नौड़ा के क्षतिग्रस्त स्कूल भवन की शिकायत की।

इस पर डीएम ने क्रमशः जल निगम के अधिकारी को 10 दिन के भीतर कार्यवाही करने, विद्युत विभाग के अधिकारी को झूलती विद्युत लाइनों को एक माह में कार्य पूर्ण करने तथा बीडीओ को दो दिन के भीतर क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों का इस्टीमेट तैयार कर शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एकता विकास समिति के योगेश्वर प्रसाद डिमरी ने ग्राम मढ़ी क्षेत्र में पानी की अनियमित आपूर्ति, निर्माणाधीन नई पेयजल योजना के तहत टैंक से पृथक पाइप दिए जाने तथा अलकनंदा हाइड्रो पॉवर प्रोजेक्ट के समीप कच्ची सड़क का डामरीकरण करने का अनुरोध किया।

पर डीएम ने सबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जांच करने के निर्देश दिए। स्वयं सहायता समूह मलेथा के कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा क्षतिग्रस्त सिंचाई नहर के चलते खेतों में सिंचाई नहीं होने की शिकायत की। नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्तिनगर कैलाशी देवी जाखी ने पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत राजस्व ग्राम की भूमि को परिवर्तित कर नगर पंचायत के नाम करने, नगर क्षेत्र में गेस्ट हाउस बनाने, दुकानों का निर्माण कराने तथा शौचालय में पानी आपूर्ति करने का अनुरोध किया। परि पेन्डूली के कपिल सिंह ने गहड़ से पल्यताला मोटर मार्ग निर्माण से मकान में आई दरार के मुआवजे की मांग की। जियालगढ़ चौपड़िया में क्षतिग्रस्त पेयजल पाइप लाइन, ग्राम बैरागना के सरोप सिंह ने विकलांग प्रमाण पत्र बनाने, आर्थिक सहायता, राशन कार्ड, पेयजल बिल आदि की शिकायतें एवं मांग की। (एजेंसी)

## रंगकर्म को व्यक्तित्व विकास को जरूरी बताया

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के लोक कला संस्कृति विभाग की ओर से चार दिवसीय नाट्य महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पूर्व आईएफएस प्रवीण थपलियाल ने आयोजन की सराहना करते हुए रंगकर्म को व्यक्तित्व विकास के लिए जरूरी बताया।चार दिवसीय नाट्य महोत्सव के पहले दिन कलाकारों ने तुगलक नाटक की प्रस्तुति दी। नाटक के कथानक के अनुसार मो. तुगलक चरित्र विरोधाभाव में जीने वाला एक ऐसा बादशाह था, जिसे इतिहासकारों ने उसकी सनकों के खब्ती करार दिया। उसने अपनी सनक के कारण राजधानी बदली और तांबे के सिक्के का मूल्य चांदी के सिक्के के बराबर कर दिया। नाटक मात्र तुगलक के गुण दोषों तक ही सीमित न रहकर उस समय की परिस्थितियों और भावनाओं को भी अभिव्यक्त किया गया।

# केंद्र व राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए कर रही कार्य : दीप्ति

श्रीनगर गढ़वाल : भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला कार्यसमिति की बैठक यहां आदिति स्मृति न्यास में आयोजित की गई। जिसमें संगठन की मजबूती व आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा और चुनाव के लिए तैयार रहने को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय महामंत्री दीप्ति रावत भारद्वाज ने कहा कि संगठन में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। केंद्र व राज्य सरकार महिलाओं के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से महिलाओं को मजबूत करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी नेहा शर्मा ने कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए कहा कि इस माह मिलेट फूड फेस्टिवल आयोजित किए जाएंगे। जिसमें महिला समूह द्वारा मोटे अनाज का प्रचार-प्रसार एवं हाट बाजार लगाकर इनकी गुणवत्ता की जानकारी दी जाएगी। इसी तरह मई में जनजाति महिलाओं के साथ संवाद स्थापित कर उनके साथ उनके कार्यों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जून में स्मार्ट सिटी वूमेन लीडर्स सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। जिसमें शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर से संवाद एवं उनकी सम्मेलन में भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस दौरान जिला प्रभारी विजय कपरूवान, जिलाध्यक्ष सुषमा रावत, मोर्चा की प्रदेश मंत्री अनीता बुड़ाकोटी, जिला उपाध्यक्ष प्रियंका रावत, रजनी मौर्य, हेमंती गुसाईं, लक्ष्मी नेगी, मीना अस्वाल, शकुंतला नेगी, गंगा खंतवाल, मधु देवी, उषा कंडारी, संगीता डोभाल, अंजलि नेगी, बसंती देवी, रेनू घिल्डियाल, यशोदा गुसाईं, मोनिका देवी, सीता देवी, ज्योति सुंद्रियाल आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## दिगबंर बनें जिला संयोजक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : भारतीय जनता पार्टी ने सोशल मीडिया विभाग के जिला संयोजकों व सह संयोजकों की घोषणा कर दी है।

ने पौड़ी में दिगंबर सिंह नेगी को सोशल मीडिया विभाग में जिला संयोजक व बृजमोहन नौटियाल को जिला सहसंयोजक की जिम्मेदारी सौंपी है। उनको यह जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई है।

# दीपाली, मीनाक्षी, श्रवण और अर्जुन ने जीती चैंपियनशिप

श्रीनगर गढ़वाल : खेल कल्याण समिति श्रीकोट गंगानाली के तत्वावधान में श्रीकोट स्टेडियम में दो दिवसीय विद्यालयी ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न विद्यालयों से लगभग 200 बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया। अंडर-14 बालिका वर्ग में एसजीआरआर की दीपाली रावत, अंडर-17 बालिका वर्ग में राइंका किलकिलेश्वर की मीनाक्षी, बालक वर्ग सेंट थेरेसा के श्रवण रावत व बिड़ला कैंपस के अर्जुन ने अपने-अपने वर्ग में चैंपियनशिप जीती।

प्रतियोगिता के समापन व पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि किसान मंच के प्रदेश अध्यक्ष व अन्ना टीम के भोपाल सिंह चौधरी ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए खेल जीवन के लिए जरूरी बताए। खेल कल्याण समिति के अध्यक्ष संजय कुमार फौजी ने कहा कि समिति के तत्वावधान में समय–समय पर विभिन्न खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए खेल गतिविधियों को करवाने का उद्देश्य बच्चों को मोबाइल और नशे से दूर रखना है। इस अवसर पर हरविंदर सिंह लक्की, कृपाल सिंह रावत, डा. मुकेश सेमवाल, राजेन्द्र सिंह रावत, सभासद कु. विनोद मैठाणी, बृजमोहन मेवाड़, विकास शाह,अतुल उनियाल, दीपक चमोली, सुनीता बिष्ट, अभिषेक चौहान आदि मौजूद रहे। गढ़वाल विश्वविद्यालय से बीपीएड प्रशिक्षुओं ने खेल निर्णायक की भूमिका निभाई।(एजेंसी)

## निदेशक ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण

श्रीनगर गढ़वाल : निदेशक संस्कृत शिक्षा शिव प्रसाद खाली ने श्रीनगर में श्री जयदयाल अग्रवाल संस्कृत विद्यालय में परिषदीय परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व मध्यमा एवं उत्तर मध्यमा की परीक्षाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाएं चाक–चौबंद पाई गई। मौके पर केंद्र व्यवस्थापक जगदीश प्रसाद सकलानी, कस्टोडियन अजय कुमार घनसैला, परीक्षा प्रभारी द्वारिका प्रसाद कपरवाण, गिरीश चंद्र डिमरी, प्रवेश कुमार, कमल दीप, कमलेश कुमार, संगीता भट्ट, ज्योति रावत, नरेश दत्त पेटवाल, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## पुलिस ने छः मकान मालिकों से वसूले एक लाख

श्रीनगर गढ़वाल : श्रीनगर कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को डांग क्षेत्र में 4 टीमों को गठित कर व्यापक स्तर पर सत्यापन अभियान चलाया। इस दौरान मुख्य रूप से बाहरी क्षेत्रों और राज्यों के रहने वाले किरायेदारों की जांच पड़ताल की गई। जहां पर जिन मकान मालिकों के द्वारा अपने किरायेदारों का सत्यापन नहीं कराया गया था ऐसे 6 मकान मालिकों के विरुद्ध उत्तराखंड पुलिस अधिनियम के अनुसार कार्यवाही कर करीब एक लाख रूपए का जुर्माना वसूला गया। साथ ही मौके पर पुलिस ने डांग क्षेत्र में रहने वाले मकान मालिकों को बताया कि जिन किरायेदारों का सत्यापन अभी तक नहीं कराया गया है

# सैन्यधाम के निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए : धामी

**जयन्त प्रतिनिधि :**



देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सैन्यधाम के निर्माण कार्यों में और तेजी लाई जाए।

सैन्य धाम का स्वरूप भव्य एवं दिव्य हो, इसके लिए अन्य राज्यों के सैन्य धामों (शौर्य स्थलों) की जो स्टडी की गई है, उनमें जो बेहतर कार्य किये गये हैं, उन कार्यों का समावेश सैन्य धाम में किया जाए। यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सैन्यधाम में उत्तराखण्ड की झलक दिखे। सैन्यधाम के आसपास केदारखण्ड एवं मानसखण्ड की थीम पर आधारित क्या गतिविधियां हो सकती हैं, इस पर भी ध्यान दिया जाए।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सचिवालय में सैन्य धाम (शौर्य स्थल) की उच्च स्तरीय बैठक की। बैठक में जानकारी दी गई कि सैन्यधाम के निर्माण की कार्य प्रगति 45 प्रतिशत तक हो चुकी है। जिसके अन्तर्गत ऑडिटोरियम, टैंक प्लेटफॉर्म, मुख्य द्वार, बाबा जसवंत सिंह एवं बाबा हरभजन सिंह मन्दिर, शौर्य स्तम्भ, बुकिंग काउंटर, चाहरदीवारी एवं म्यूजियम का कार्य प्रगति पर है। बैठक में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी, मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधू, जीओसी उत्तराखण्ड सब-एरिया मेजर जनरल संजीव खत्री, मेजर जनरल सम्मी सभरवाल (से.नि) सचिव सैनिक कल्याण श्री दीपेन्द्र चौधरी, एसएन पाण्डेय, जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## यात्रियों से अधिक मूल्य वसूलने और मिलावटी सामग्री बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

चमोली : चारधाम यात्रा के दौरान बद्रीनाथ तथा हेमकुंड यात्रा मार्ग पर तीर्थ यात्रियों से निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य वसूलने और मिलावटी खाद्य सामग्री बेचने वाले होटल एवं ढाबा मालिकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने इसकी नियमित जांच के लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम की अध्यक्षता में समिति गठित करते हुए संबंधित क्षेत्र के थानाध्यक्ष, पूर्ति निरीक्षक एवं खाद्य संरक्षा अधिकारी को सदस्य नामित किया है।

# अधिकारी पारदर्शिता के साथ कार्य करें : पयाल



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : जनपद भ्रमण पर पहुंचे विशेष कार्याधिकारी कार्यक्रम एवं क्रियान्वयन विभाग उत्तराखंड शासन धर्मेंद्र पयाल ने सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन हेतु विकास भवन सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक कर संचालित योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि पारदर्शिता के साथ कार्य करें तथा अपनी पत्रावलियों का रख-रखाव ठीक ढंग से करें एवं जनता की शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करना सुनिश्चित करे, जिससे कि जनता को बार-बार अपनी समस्याओं को लेकर संबंधित कार्यालयों में न आना पड़े।बैठक में विशेष कार्याधिकारी ने कहा कि सरकार के तीन मुख्य उद्देश्य सरकार जनता के द्वार, हमारा संकल्प बहुमुखी समाज और हमारा संकल्प अनुशासित प्रदेश के तहत संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अंतिम छोर में निवासरत व्यक्ति को उन योजनाओं का लाभ उपलब्ध हो। कहा कि सरकार अंतिम छोर में निवासरत व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रयासरत है, इसके लिए संचालित योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचे इसके लिए ग्राम स्तर पर संचालित योजनाओं की सफलता के लिए सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि वह तीनों विकास खंडों का निरीक्षण करेगें तथा गांवों का चयन करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं का धरातल पर वस्तुस्थिति का सत्यापन किया जाएगा। साथ ही ग्रामीणों के साथ जन संवाद भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड से हो रहे पलायन को रोकने लिए जनपद के विद्यालयों में शिक्षा के स्तर को सुधारने के साथ ही क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थिति के अनुसार उन क्षेत्रों में उत्पादित होने वाले फसलों एवं फलों की पैदावार को बढ़ावा देने के लिए कार्य योजना तैयार करें। बैठक में मुख्य शिक्षा अधिकारी विनोद प्रसाद सिमल्टी, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र सिंह बिष्ट, जिला उद्यान अधिकारी योगेंद्र सिंह चैधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्र, अधिशासी अभियंता लोनिवि जेएस रावत, मनोज भट्ट, पीएमजीएसवाई कमल सिंह सजवाण, सिंचाई पीएस बिष्ट, ग्रामीण निर्माण विभाग हितेश पाल, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चैबे, अर्थ एवं संख्याधिकारी संदीप भट्ट, जिला अल्प बचत अधिकारी सूरत लाल, मत्स्य निरीक्षक संजय बुटोला, डेयरी श्रवण कुमार शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सड़क पर पैराफिट बनाने की मांग उठाई

रुद्रप्रयाग : विकासखण्ड जखोली मुख्यालय को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण ममणी जखोली चौंरा मोटर पर ममणी से चौंरा के बीच सड़क पर पैराफिट निर्माण नहीं होने से अक्सर दुर्घटनाओं का भय बना रहता है।

जनप्रतिनिधियों व क्षेत्रीय जनता ने मोटर मार्ग पर पैराफिट निर्माण की मांग की है। क्षेत्रीय लोगों में आजाद सिंह नेगी, विक्रम गहरवार, प्रधान ऋतुराज आदि ने कहा है कि इस मोटर मार्ग पर ममणी से चौंरा के बीच सड़क किनारे कहीं पर भी पैराफिट का निर्माण नहीं होने से आम राहगीरों को दुर्घटनाओं से दो चार होना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया जा रहा है। कि सड़क निर्माण के दो साल बाद भी सड़क पर निकास नालियों व पैराफिट का निर्माण नहीं होने से अक्सर वाहन चालकों के लिए खतरा बना हुआ है। उन्होंने शासन प्रशासन व विभागीय अधिकारियों से सड़क पर पैराफिट निर्माण की मांग की है। (एजेंसी)

# कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें : उनियाल

नई टिहरी : वन एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल की अध्यक्षता में तहसील सभागार नरेंद्रनगर में जी-20 की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में कैबिनेट मंत्री ने क्रमवार संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जी-20 के अंतर्गत लंबे समय तक चलने वाले कार्य करें तथा कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए समय अंतर्गत पूर्ण करना सुनिश्चित करें। जनपद में आयोजित होने वाली जी-20 की बैठकों के जरिए हम प्रदेश ही नहीं देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। इसलिए सभी तैयारियां सुनियोजित तरीके से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि देश दुनिया में एक अच्छा संदेश जाए। बैठक में डीएम डॉ सौरभ गहरवार ने बताया कि जी-20 के अंतर्गत अधिकतर कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं, शेष कार्य भी जल्द ही पूर्ण कर लिए जाएंगे। सभी कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग की जा रही है। सीडीओ मनीष कुमार ने जी-20 बैठकों के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष सोना सजवान, विधायक प्रतापनगर विक्रम सिंह नेगी, विधायक देवप्रयाग विनोद कंडारी, विधायक घनसाली शक्तिलाल शाह, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्रनगर राजेंद्र बिक्रम सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष मुनिकीरेती रोशन रतूड़ी, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्रनगर राजेंद्र सिंह भंडारी, टिहरी विधायक प्रतिनिधि विनोद रतूड़ी, एसडीएम नरेन्द्रनगर देवेन्द्र सिंह नेगी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# जिले के विकास का खाका तैयार करने को मांगे सुझाव

चमोली : जिले में विकास का खाका तैयार करने को लेकर जिलाधिकारी ने जनप्रतिनिधियों, समाजिक कार्यकर्ताओं से सुझाव मांगे है।

क्लेक्ट्रेट सभागार में आयोजित एक बैठक में प्रबुद्धजनों जिले के आर्थिक विकास, स्वरोजगार, पलायन रोकथाम, पर्यटन, शिक्षा, कृषि, बागवानी आदि विषयों पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने कहा कि जिले की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं के प्रस्ताव तैयार करने के उदेश्य से मंथन शिविर के माध्यम से सुझाव लिए जा रहे है। ताकि स्थानीय समस्याओं एवं उनके समाधान के हिसाब से विकास योजनाएं बनाई जा सके। उन्होंने कहा कि इसके लिए लगातार संवाद जारी रहेगा। प्रशासन अच्छे सुझावों का हमेशा स्वागत करेगा। कहा कि मंथन शिविर में जो भी अच्छे सुझाव रखे गए है, उन पर गंभीरता से विचार करते हुए उनका क्रियान्वयन करने का पूरा प्रयास किया जाएगा। (एजेंसी)

# श्री केदारनाथ धाम यात्रा के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार : डीएम



**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : श्री केदारनाथ यात्रा को सुगम एवं सफलता पूर्वक संचालित करने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने प्रेस को जानकारी देते हुए कहा कि यात्रा के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। पिछली यात्रा के अनुभव को देखते हुए इस यात्रा में कई नई व्यवस्थाएं शामिल की गई हैं, जिनमें यात्रियों को एक दिन में केदारनाथ धाम में शासन द्वारा 13 हजार तक की संख्या को निर्धारित किया है। यात्रियों की सुविधा के लिए टोकन व्यवस्था लागू की गई है, ताकि दर्शनार्थियों को सुगमता के साथ बाबा केदार के दर्शन हो सकें। इसके साथ ही यात्रियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा पूरी तैयारी की गई है। यात्रा मार्ग में 12 स्थानों पर एमआरपी बनाए गए हैं, जबकि तीन फिजिशियन, दो ऑर्थोपेडिक सहित 22 चिकित्सकों एवं 22 फार्मासिस्ट तैनात किए गए हैं। जिनकी रोस्टरवार ड्यूटी लगाई जाएगी। आवश्यक सेवा हेतु यात्रा मार्ग में 6 एंबुलेंस तैनात की गई हैं जिसमें 3 एंबुलेंस रिजर्व में रखी गई हैं तथा किसी भी आकस्मिक स्थिति के लिए शासन द्वारा एक एयर एंबुलेंस की भी व्यवस्था की गई है।

श्री केदारनाथ धाम यात्रा को सुगम एवं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए यात्रा के लिए विभिन्न विभागों द्वारा की जा रही तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने संयुक्त रूप से जिला कार्यालय सभागार में प्रेस से वार्ता की। जिलाधिकारी ने बताया कि आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिए उचित आवास व्यवस्था हेतु गुप्तकाशी से बड़ी लिनचोली तक जीएमवीएन के गेस्ट हाउस में 2500 लोगों की ठहरने की व्यवस्था होगी। इसी के साथ केदारनाथ धाम में 2 टैंट कॉलोनी न्यू घोड़ा पडाव एवं हिमलोक कॉलोनी में किया जा रहा है, जिसमें 80-80 बैड तैयार किए जा रहे हैं, जिसमें 1600 लोगों की ठहरने की व्यवस्था है तथा जीएमवीएन के टैंट एवं गेस्ट हाउस में कुल 2500 लोगों के ठहरने की व्यवस्था की गई है।

प्रेस को जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा अशोक भदाणे ने कहा कि यात्रा को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए 450 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनाती की गई है, 150-200 पुलिस कार्मिकों की व्यवस्था बाहर से की गई जा रही है तथा सभी पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को उचित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया गया है। यात्रा के दौरान खोया पाया केंद्र का संचालन भी किया जाएगा। इसके साथ ही विभिन्न राज्यों से आने वाले तीर्थ यात्रियों हेतु अलग-अलग भाषाओं में साईन बोर्ड तैयार किए गए हैं। बाहर से आने वाले तीर्थ यात्रियों से किसी तरह की ठगी न हो इसके लिए साइबर सेल को ब्रीफ्रिंग किया गया है। यात्रा के दौरान जाम से निपटने हेतु अतिरिक्त पार्किंग स्थल चिन्हित किए गए हैं। प्रेस वार्ता में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचसीएस मातोलिया, अधिशासी अभियंता राष्ट्रीय राजमार्ग राजवीर सिंह चैहान, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशीष रावत, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चैबे, अधिशासी अभियंता जल संस्थान अनीश, सूचना अधिकारी रती लाल शाह सहित प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रेस प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया

नई टिहरी : अग्नि सेवा सप्ताह के तहत फायर कर्मियों ने चंबा के तहत दीन दयाल उपाध्याय स्वयं सेवी संस्थान में अग्नि सुरक्षा की गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसके अलावा फायर कर्मियों ने डीडीयू, एलएफएम व डीवीआर संस्थान में अग्नि सुरक्षा को लेकर जानकारी देते हुए अग्नि सुरक्षा उपकरणों का प्रशिक्षण दिया। 14 से 20 अप्रैल तक मनाये जा रहे अग्नि सुरक्षा सप्ताह के तहत एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर के निर्देश पर फायर विभाग इन दिनों जनपद में आम लोगों सहित प्रमुख प्रतिष्ठानों, कारोबारियों व सरकारी महकमों को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का काम कर रहा है।

# चौरास क्षेत्र की जनता मूलभूत सुविधाओं से वंचित

श्रीनगर गढ़वाल : चौरास क्षेत्र की सड़कों की बदहाल स्थित सहित अन्य समस्याओं पर ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त किया। इस संदर्भ में क्षेत्र पंचायत सांकों, चौरास कीर्तिनगर के क्षेत्र पंचायत सदस्य डॉ. प्रताप भंडारी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। कहा कि जल विद्युत परियोजना से प्रभावित क्षेत्र की समस्त सड़कें टूटी पड़ी है। कहा कि वर्ष 2006-2007 में जल विद्युत परियोजना का निर्माण कार्य शुरू हो गया था। जिसके बाद 2014 में विद्युत परियोजना ने अपना विद्युत उत्पादन भी शुरू कर दिया था। कहा कि विद्युत परियोजना में अधिकांश भूमि चौरास क्षेत्र की अधिग्रहित की गई थी,


**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम एवं लोकेशन | कार्य की अनुमानित लागत (रु0) | बिड सिक्यूरिटी राशि (रु0) | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 25/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 ABSS के लिए विद्युत कार्य: अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के गजरौला (GJL) स्टेशन का उन्नयन। | 12432489.91 (जीएसटी सहित) | 212200.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 10.05.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। |
| 2. | 26/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2023 ABSS के लिए विद्युत कार्य: अमृत भारत योजना के तहत मुरादाबाद मंडल के अमरोहा (AMRO) स्टेशन का उन्नयन। | 13402581.72 (जीएसटी सहित) | 217000.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 10.05.2023 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेगी। |

| | |
|---|---|
| कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर रेलवे,मुरादाबाद |
| वेबसाइट एवम् कार्यालय का पता | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/उत्तर रेलवे, मुरादबाद। |

निविदा सूचना सं0: 15/2023 दिनांक: 17.04.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1143/23

## सम्पादकीय

# मनमानी पर अंकुश के प्रयास

वर्तमान शैक्षिक सत्र में फीस बढ़ोतरी एवं मनमाने दामों पर टोपी गई पुस्तकों का मामला गर्म होने के बाद अब सरकार एक्शन के मोड में दिखने लगी है। हालांकि इस सत्र की मनमानी बिक्री एवं वसूली निजी स्कूल कर चुके हैं लेकिन अभिभावकों के रोष को देखते हुए सरकार ने आने वाले दिनों के लिए नीति तैयार की है। निजी स्कूलों की मनमानी को रोकने के लिए शिक्षा विभाग ने चार टीमों का गठन किया गया है और यह चारों टीम ब्लॉक स्तर पर खंड शिक्षा अधिकारी की निगरानी में काम करेंगे। यह टीम उन शिकायतों को लेकर की गई है जिसमें निजी स्कूलों द्वारा फीस में बेहिसाब बढ़ोतरी शामिल है। यही नहीं किताबों एवं हर वर्ष स्कूल की पोशाक बदलने को लेकर भी सरकार नाराज है और इस दिशा में भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। अब निजी स्कूलों पर सरकार के इन आदेश–निर्देशों का क्या प्रभाव पड़ता है यह तो अगले सत्र में ही नजर आएगा, लेकिन यदि सरकार अभी से कड़े कदम नहीं उठाएगी तो अगले शैक्षिक सत्र में भी यही नजारा देखने को मिलेगा। सरकार को पुस्तकों के प्रकाशन को लेकर कार्रवाई करनी चाहिए क्योंकि एनसीईआरटी की पुस्तकें सीबीएसई पैटर्न के विद्यालयों में लगाने के निर्देश है जिसका खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। एनसीईआरटी की पुस्तकों के साथ ही जबरन निजी प्रकाशकों की पुस्तकें भी खरीदने को विवश किया जा रहा है। आईसीएसई पैटर्न में स्थिति ज्यादा खराब है क्योंकि यहां जो पुस्तकें विद्यालयों में लगाई जा रही है वह एक निर्धारित बुक स्टॉल पर ही उपलब्ध है जो ढूंढने से भी किसी दूसरे बुक स्टॉल पर नहीं मिलेगी। इसी नेटवर्क को तोड़ने का जटिल कार्य प्रदेश सरकार को करना है और यदि इस कार्य में सरकार सफल रही तो लाखों अभिभावकों की जेब पर डाका डालने की मंशा विफल की जा सकती है। शिक्षा विभाग ने ऐसे प्रकरणों को लेकर जांच शुरू कर दी है और यह जांच प्रक्रिया एक सप्ताह में संपूर्ण होने के बाद रिपोर्ट शिक्षा विभाग के शीर्ष अधिकारियों को सौंपी जाएगी। शिक्षा के तरीकों में परिवर्तन की दिशा में किताबों का बोझ कम करने पर भी सकारात्मक कार्रवाई होगी तथा कक्षा एक से दो तक के छात्रों को कोई होमवर्क नहीं दिया जाएगा। कक्षा तीन से केवल दो घंटे का होमवर्क प्रति सप्ताह दिया जाएगा। शिक्षा के स्तर पर व्यापक सुधार की जरूरत है लेकिन इस सुधार के कदम में यह काफी महत्वपूर्ण है कि अभिभावकों पर अनावश्यक दबाव डालने के प्रपंच भी समाप्त हो। जब तक निजी पब्लिक स्कूलों पर लगाम नहीं कसी जाएगी तब तक कमीशन खोरी एवं मनमानी फीस वसूली का क्रम यूं ही चलता रहेगा। देखना यह है कि जांच कमेटी क्या रिपोर्ट पेश करती है और क्या यह रिपोर्ट वाकई अभिभावकों को कोई राहत दे पाएगी या सरकार महज औपचारिकता पूरी कर लीपापोती कर देगी।

# एनकाउंटर पर सवाल उठते आए है?

**विनीत नारायण**




जिस तरह हर सिक्के के दो पहलू होते हैं उसी तरह कुछ एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के घमंड और कभी–कभी उसके भ्रष्टाचार के चलते हर पुलिस एनकाउंटर को शक की निगाह से ही देखा जाता है। ख़ास्-कर जब राजनीतिक प्रतिद्वंदियों के पाले हुए गुंडों का एंकाउंटर होता है तब तो जनता के मन में ऐसे ही सवाल उठते हैं कि ऐसे सभी एनकाउंटर फर्ज़ी होते हैं। परंतु सच्चाई तो जाँच के बाद ही सामने आती है।

उत्तर प्रदेश के व्यापारी आजकल कहते हैं कि योगी राज में मुसलमानों का आतंक ख़त्म हो गया है। इसलिए माफिया डॉन अतीक अहमद के बेटे असद अहमद की एनकाउंटर में मौत का समाचार उन लोगों को सही लगा। मैं एनकाउंटर के विषय में कुछ तथ्य और क़ानूनी पेचीदगियों का ज़िक्रइस लेख में आगे करूँगा। पर यहाँ एक सवाल जो समाजवादी पार्टी ने उठाया है वह भी महत्वपूर्ण है। वो यह कि स्थानिय चुनावों के पहले ही इस एनकाउंटर का क्या अर्थ निकला है? सिवाय इसके कि इस एनकाउंटर की खबर को दिन–रात टीवी चैनलों पर चलवाकर इसका फ़ायदा योगी सरकार को अगले महीने होने वाले निकायों के चुनावों में मिले।

इसलिये सरकार की नीयत पर शक होता है। क़ानून की नज़र में सब बराबर होने चाहिए। किसी अपराधी का कोई जाति या धर्म नहीं होता। इसलिए बिना भय और पक्षपात के अगर प्रदेश के माफ़ियाओं के विरुद्ध योगी सरकार कड़े कदम उठाती है तो उसका स्वागत ही होगा। पर ऐसे कदम सब अपराधियों पर एक समान उठाए जाने चाहिए, जो आज नहीं हो रहा है। हत्या, बलात्कार और पुलिस उत्पीडऩ के शिकार कितने ही लोगों को न्याय नहीं मिल रहा। फ़रियादी हताश होकर आत्महत्या तक कर रहे हैं ऐसी खबरें अक्सर सामने आती रहती है।

उत्तर प्रदेश के एक विशेष जाति के माफ़ियाओं की सूची आज कल सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है जिसमें योगी सरकार से पूछा जा रहा है कि इन माफ़ियाओं के विरुद्ध आजतक 'बुलडोजऱनुमाइ कार्यवाही क्यों नहीं हुई? उनमें से किसी का एनकाउंटर क्यों नहीं होता? उत्तर प्रदेश सरकार की इस नीति के विरुद्ध भी बहुत लोगों को आक्रोश है।

एनकाउंटर उमेश पाल की हत्या के आरोपियों का हो या किसी अन्य का जब भी उस पर सवाल उठते हैं तो मामला जाँच कमेटी के पास पहुँचता है। आपको याद होगा कि कुछ ही समय पहले नवंबर 2019 में तेलंगाना राज्य के हैदराबाद में हुए गैंगरेप और हत्या के चार अभियुक्तों के संदिग्ध एनकाउंटर को सर्वोच्च न्यायालय की जाँच समिति ने फर्ज़ी पाया। जाँच समिति द्वारा इन पुलिसवालों पर हत्या का मुक़द्दमा चलाने की सिफ़ारिश भी की गई।

पाठकों को याद होगा कि जब यह एनकाउंटर हुआ था, तब लोगों ने पुलिस का समर्थन करते हुए भारी जश्न मनाया था। जैसा असद व अन्य आरोपियों के एनकाउंटर पर भी हो रहा है। वहीं दूसरी ओर हमेशा की तरह पुलिस एनकाउंटर पर तमाम सवाल भी खड़े हो रहे हैं। प्रायः ऐसा मान लिया जाता है कि पुलिस द्वारा किए गए एनकाउंटर फर्ज़ी ही होते हैं। एनकाउंटर कब और कैसे होते हैं इस बात पर कोई विशेष ध्यान नहीं देता। क़ानून की बात करें तो देश में मौजूद भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और दण्ड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) दोनों में ही एनकाउंटर का कोई भी ज़िक्र नहीं है। तो फिर सवाल उठता है कि पुलिस एनकाउंटर आखरि़ है क्या? यदि कोई भी पुलिसकर्मी आत्मरक्षा में सामने वाले पर गोली चलाता है तो उसे सामान्य भाषा में एनकाउंटर माना जाता है। तो क्या पुलिस किसी भी अपराधी पर आत्मरक्षा में गोली चला सकती है? नहीं ऐसा नहीं है।

जब कभी भी पुलिस को किसी अपराधी के बारे में सूचना मिलती है और वह उसे गिरफ़्तार करने जाती है, तो अगर वो अपराधी आत्मसमर्पण कर देता है तब पुलिस उस पर बल प्रयोग नहीं कर सकती। यदि कोई कुख्यात अपराधी, जिसे उम्र क़ैद या उससे ज़्यादा सज़ा हो सकती है और वो गिरफ़्तारी से बचने के लिए भागने का प्रयास करता है और पुलिसउसे पकड़ नहीं पाती, तो उस सूरत में पुलिस उसे जख़्मी करने की नियत से उसके शरीर के किसी भी हिस्से में गोली मार सकती है। प्रायः ये गोली उसकी टांगों में मारी जाती है। जिससे वह ज़्यादा दूर न भाग सके और उसे गिरफ़्तार कर लिया जाए। यदि ऐसे किसी अपराधी के पास कोई जान लेवा हथियार होता है और वो पुलिस पर वार करता है, तो केवल उस सूरत में पुलिस उस पर आत्मरक्षा में गोली चला सकती है।

मुंबई पुलिस के बहुचर्चित एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक और प्रदीप शर्मा से जब किसी पत्रकार ने पूछा कि मुंबई में अपराधियों की सफ़ाई के लिए आप दोनो को ही श्रेय दिया जाता है तो, उनका कहना था कि, "हम तो अपराधियों को पकडऩे के लिए ही जाते हैं, लेकिन वो जब हम पर वार करते हैं तो हमें भी पलटवार करना पड़ता है।" अपराधियों को भी पता है कि यदि वो पुलिस के हत्थे चढ़े तो कई सालों तक जेल के बाहर नहीं आएँगे। इसलिए इन सब से बच कर भागने के प्रयास में वे पुलिस की गोली का शिकार हो जाते हैं। उनके अनुसार 97–98 में जब मुंबई में गैंगस्टरों का आतंक चरम पर था तब सरकार कड़े क़ानून ले कर आई। अपराधी इन्हीं कड़े क़ानूनों से बचने की पुरज़ोर कोशिश में मारा जाता है। इसी के बाद से मुंबई के अंडरवर्ल्ड में एनकाउंटर का भय बढऩे लगा। कारण चाहे कुछ और भी रहे हों पर मुंबई में गैंगस्टरों का आतंक थमने लगा।

पुलिस एनकाउंटर को बॉलीवुड की कई फ़िल्मों में भी दिखाया गया हैं। जहां ज़्यादातर एनकाउंटर को ऐसे दर्शाया जाता है कि भले ही वो एनकाउंटर फर्ज़ी हो, लेकिन जाँच में असली ही पाया जाए। लेकिन यदि किसी भी एनकाउंटर की योजना ग़लत नीयत से की जाती है तो वो आज नहीं तो कल पकड़ा ही जाता है।

इस बात के कई प्रमाण भी हैं जहां फर्ज़ी एनकाउंटर करने पर पुलिस वालों को सज़ा भी हुई है। इसका मतलब यह नहीं होता कि सभी एनकाउंटर फर्ज़ी होते हैं। जनता में पुलिस पर विश्वास की कमी होने के कारण ऐसी धारणा बन जाती है की ज़्यादातर एनकाउंटर फर्ज़ी होते हैं।

एक पूर्व आईपीएस अधिकारी ने दिल्ली में 2008 के बाटला हाउस एनकाउंटर का हवाला देते हुए बताया कि, पुलिस को ज़्यादातर मामलों में इस बात का पता होता है कि वो जहां गिरफ़्तारी करने जा रही हैं वहाँ कितना ख़तरा हो सकता है। ऐसे एनकाउंटर को एक सुनियोजित एनकाउंटर कहा जाता है। ऐसे एनकाउंटर में पुलिस की टीम पूरी तैयारी के साथ जाती है।

बाटला हाउस में सब जानकारी के बावजूद दिल्ली पुलिस के एक बहादुर अफ़सर मोहन चंद शर्मा शहीद हुए थे। पुलिस एनकाउंटर में काफ़ी ख़तरा होता है। पुलिसकर्मी भी घायल होते हैं, परंतु ऐसा मान लेना कि सभी एनकाउंटर फर्ज़ी होते हैं सही नहीं। दोषियों को सज़ा देना अदालत का काम होता है न कि पुलिस का। लेकिन पुलिसकर्मी यदि आत्मरक्षा में गोली चलाता है तो उसे हमेशा ग़लत नहीं समझना चाहिए।

एनकाउंटर करने के लिए जिन अनुभवी पुलिसकर्मियों को चुना जाता है, उन्हें एनकाउंटर स्पेशलिस्ट कहा जाता है। एनकाउंटर जोखिम भरा होता है और ऐसा जोखिम हर कोई नहीं ले सकता। उसके लिए हथियारों को सही ढंग से चलाना और सामने वाले से बेहतर निशाना लगाना आना चाहिए। परंतु ऐसे एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रायः विवादों में भी घिरे रहते हैं। जिस तरह हर सिक्के के दो पहलू होते हैं उसी तरह कुछ एनकाउंटर स्पेशलिस्ट के घमंड और कभी–कभी उसके भ्रष्टाचार के चलते हर पुलिस एनकाउंटर को शक की निगाह से ही देखा जाता है। ख़ासकर जब राजनीतिक प्रतिद्वंदियों के पाले हुए गुंडों का एंकाउंटर होता है तब तो जनता के मन में ऐसे ही सवाल उठते हैं कि ऐसे सभी एनकाउंटर फर्ज़ी होते हैं। परंतु सच्चाई तो जाँच के बाद ही सामने आती है।


**एनकाउंटर उमेश पाल की हत्या के आरोपियों का हो या किसी अन्य का जब भी उस पर सवाल उठते हैं तो मामला जाँच कमेटी के पास पहुँचता है। आपको याद होगा कि कुछ ही समय पहले नवंबर 2019 में तेलंगाना राज्य के हैदराबाद में हुए गैंगरेप और हत्या के चार अभियुक्तों के संदिग्ध एनकाउंटर को सवोच्च न्यायालय की जाँच समिति ने फर्ज़ी पाया। जाँच समिति द्वारा इन पुलिसवालों पर हत्या का मुक़द्दमा चलाने की सिफ़ारिश भी की गई। पाठकों को याद होगा कि जब यह एनकाउंटर हुआ था, तब लोगों ने पुलिस का समर्थन करते हुए भारी जश्न मनाया था। जैसा असद व अन्य आरोपियों के एनकाउंटर पर भी हो रहा है। वहीं दूसरी ओर हमेशा की तरह पुलिस एनकाउंटर पर तमाम सवाल भी खड़े हो रहे हैं। प्रायः ऐसा मान लिया जाता है कि पुलिस द्वारा किए गए एनकाउंटर फर्ज़ी ही होते हैं। एनकाउंटर कब और कैसे होते हैं इस बात पर कोई विशेष ध्यान नहीं देता। क़ानून की बात करें तो देश में मौजूद भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और दण्ड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) दोनों में ही एनकाउंटर का कोई भी ज़िक्र नहीं है। तो फिर सवाल उठता है कि पुलिस एनकाउंटर आखरि़ है क्या? यदि कोई भी पुलिसकर्मी आत्मरक्षा में सामने वाले पर गोली चलाता है तो उसे सामान्य भाषा में एनकाउंटर माना जाता है। तो क्या पुलिस किसी भी अपराधी पर आत्मरक्षा में गोली चला सकती है?**


# केजरीवाल की राष्ट्रीय पार्टी



सवाल है कि आप के राष्ट्रीय पार्टी बन जाने और तृणमूल कांग्रेस, एनसीपी और सीपीआई के राष्ट्रीय पार्टी नहीं रह जाने के क्या बदल जाएगा? क्या आम आदमी पार्टी इन तीनों से बड़ी पार्टी हो जाएगी?

अरविंद केजरीवाल की एक तमन्ना पूरी हो गई। उनकी आम आदमी पार्टी अब राष्ट्रीय पार्टी हो गई है। इस देश में शायद ही कोई दूसरा नेता होगा, जिसने पार्टी बनाते ही उसको राष्ट्रीय बना देने का प्रयास शुरू कर दिया होगा। केजरीवाल ने 2011 में पार्टी बनाई थी और 2014 में पूरे देश में चुनाव लड़ गए थे। उन्होंने सवा चार सौ से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे और खुद नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लडऩे वाराणसी चले गए थे। उस चुनाव में उनको जो झटका लगा उससे उनकी रफ्तार थोड़ी कम हुई। लेकिन फिर 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिले प्रचंड बहुमत से उनकी महत्वाकांक्षाओं को बहुत बढ़ा दिया। वे हर राज्य में चुनाव लडऩे लगे ताकि जल्दी से जल्दी आप को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिले। पिछले साल के अंत में गुजरात विधानसभा चुनाव में करीब 13 फीसदी वोट हासिल करने के साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय पार्टी होने का मानदंड पूरा कर लिया। दिल्ली और पंजाब में उनकी सरकार है और गोवा में उनको सात फीसदी से ज्यादा वोट मिले थे।

राष्ट्रीय पार्टी होने के कई मानदंडों में एक यह है कि चार राज्यों में छह फीसदी या उससे ज्यादा वोट मिले हों। सो, जैसे ही गुजरात में उनको 13 फीसदी वोट मिला उन्होंने चुनाव आयोग के सामने दावा पेश कर दिया। जब चुनाव आयोग ने फैसला करने में देरी की तो उनकी पार्टी ने कर्नाटक हाई कोर्ट में अपील कर दी कि चुनाव आयोग को जल्दी फैसला करने को कहा जाए। हाई कोर्ट ने आयोग को 13 अप्रैल की समय सीमा दी थी और उससे तीन दिन पहले आयोग ने 10 अप्रैल को आम आदमी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा देने का ऐलान किया। साथ ही शरद पवार की एनसीपी, ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस और सीपीआई का राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा खत्म कर दिया।अब सवाल है कि आप के राष्ट्रीय पार्टी बन जाने और तृणमूल कांग्रेस, एनसीपी और सीपीआई के राष्ट्रीय पार्टी नहीं रह जाने के क्या बदल जाएगा? क्या आम आदमी पार्टी इन तीनों से बड़ी पार्टी हो जाएगी? तृणमूल के 215 से ज्यादा विधायक और दोनों सदनों में 30 से ज्यादा सांसद हैं। यह आप के विधायकों, सांसदों की संख्या से बहुत ज्यादा है। सो, आप का राष्ट्रीय पार्टी बनना सिर्फ एक तकनीकी मामला है, जिससे आप को राजधानी दिल्ली में एक और कार्यालय की जगह मिल जाएगी और पूरे देश में झाड़ू चुनाव चिन्ह मिल जाएगा। पर मुश्किल यह है कि राष्ट्रीय पार्टी बनते ही केजरीवाल अपने को भाजपा और कांग्रेस दोनों का विकल्प मानने लगेंगे और ऐसी राजनीति करेंगे, जो अंततः भाजपा से लडऩे की विपक्ष की साझा रणनीति को नुकसान पहुंचाएगी।


**अरविंद केजरीवाल की एक तमन्ना पूरी हो गई। उनकी आम आदमी पार्टी अब राष्ट्रीय पार्टी हो गई है। इस देश में शायद ही कोई दूसरा नेता होगा, जिसने पार्टी बनाते ही उसको राष्ट्रीय बना देने का प्रयास शुरू कर दिया होगा। केजरीवाल ने 2011 में पार्टी बनाई थी और 2014 में पूरे देश में चुनाव लड़ गए थे। उन्होंने सवा चार सौ से ज्यादा सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे और खुद नरेंद्र मोदी के खिलाफ चुनाव लडऩे वाराणसी चले गए थे। उस चुनाव में उनको जो झटका लगा उससे उनकी रफ्तार थोड़ी कम हुई।**


# क्षेत्रीय पार्टियों की राष्ट्रीय चुनौती

**अजीत द्विवेदी**



अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देने के लिए कमर कस रही पार्टियों में से लगभग सभी पार्टियां क्षेत्रीय हैं। यह एक स्तर पर उनकी ताकत है तो दूसरे स्तर पर कमजोरी भी है। उनकी ताकत यह है कि लगभग सभी क्षेत्रीय पार्टियों के पास दमदार नेता हैं, जो 24 घंटे राजनीति करते हैं। सभी प्रादेशिक पार्टियों के पास एक मजबूत सामाजिक समीकरण यानी वोट का एक आधार है और अपने अपने राज्य में उनके पास अच्छा खासा सांगठनिक ढांचा है। अपने राज्य में राजनीति करने के लिए उनके पास एक स्पष्ट वैचारिक आधार भी है। यही कारण है कि ज्यादातर राज्यों में, जहां मजबूत क्षेत्रीय पार्टियां हैं वहां विधानसभा चुनाव में भाजपा के लिए हमेशा चुनौती होती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तमाम लोकप्रियता और प्रचार के बावजूद उन राज्यों में भाजपा बहुत सफल नहीं हो पाती है। इसके अपवाद भी हैं लेकिन अपवादों से ही नियम प्रमाणित होते हैं।

अपने अपने राज्य में प्रादेशिक पार्टियों की ताकत प्रमाणित है लेकिन जब राष्ट्रीय चुनाव की बात आती है तो उनकी कमजोरी उजागर हो जाती है। उस समय मतदाता यह देखते हैं कि उन्होंने प्रदेश के चुनाव में जिस प्रादेशिक नेता को वोट दिया है क्या उसकी अखिल भारतीय पहचान है? क्या उसे देश के दूसरे हिस्सों में वोट मिलेंगे? क्या उसके पास कोई राष्ट्रीय दृष्टि या बड़ा एजेंडा है? क्या कोई प्रादेशिक नेता देश का प्रधानमंत्री बन सकता है और अगर बनता है तो उसके नेतृत्व में बनने वाली सरकार क्या राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करने वाली मजबूत सरकार होगी? इस विमर्श के बीच ही नरेंद्र मोदी प्राथमिक विकल्प के तौर पर उभरते हैं, जिनके बारे में यह धारणा बनी है या बनाई गई है कि वे मजबूत नेता हैं, उनकी कमान में देश को मजबूत और स्थिर सरकार मिली है, उनके नेतृत्व में देश विश्व गुरू बनने की ओर बढ़ रहा है और उनके पास हिंदुत्व से लेकर राष्ट्रवाद तक का बड़ा एजेंडा है। यह धारणा बड़ा फर्क पैदा कर देती है।

इस बीच पिछले एक–डेढ़ दशक में देश के मतदाताओं ने राज्यों के और राष्ट्रीय चुनाव में अलग अलग वोट देना सीख लिया है। वे विधानसभा और लोकसभा चुनाव में अलग अलग तरह से मतदान करते हैं। मतदाताओं के इस व्यवहार को कई राज्यों में देखा जा सकता है। लोकसभा चुनाव में देश में मजबूत सरकार के लिए भाजपा और नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट डालने वाले मतदाता विधानसभा चुनाव में प्रादेशिक पार्टियों को तरजीह देते हैं। हालांकि इस सिद्धांत पर बात करते हुए यह भ्रम नहीं पालना चाहिए कि राज्यों के चुनाव में भाजपा का वोट बहुत कम हो जाता है। उसके पास हर राज्य में एक निश्चित वोट है, जिसमें बहुत कम घट–बढ़ होती है। मिसाल के तौर पर पश्चिम बंगाल में 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को 40 फीसदी वोट मिले थे। वह वोट नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए था। इसके दो साल बाद हुए विधानसभा चुनाव में ममता बनर्जी को फिर से राज्य का मुख्यमंत्री बनाने के लिए मतदान हुआ तब भी भाजपा को 38 फीसदी वोट मिले। यानी बहुत स्थानीय स्तर पर मतदान होने के बावजूद भाजपा के वोट में कमी नहीं आई। कमोबेश यह स्थिति पूरे देश में है। लोकसभा चुनाव में भाजपा का वोट थोड़ा ज्यादा हो जाता है और विधानसभा चुनाव में कम होकर पारंपरिक आधार के बराबर आ जाता है।

इसके अलावा दक्षिण भारत की क्षेत्रीय पार्टियों को छोड़ दें लगभग पूरे देश में क्षेत्रीय पार्टियों के लिए लोकसभा चुनाव में विधानसभा चुनाव का अपना प्रदर्शन दोहराने में मुश्किल होती है। विधानसभा चुनाव में भाजपा को रोक देने वाली पार्टियां भी लोकसभा में उसे नहीं रोक पाती हैं। इस मामले में कांग्रेस का ट्रैक रिकॉर्ड भी क्षेत्रीय पार्टियों जैसा ही है। मिसाल के तौर पर 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़, तीनों राज्यों में बहुमत हासिल करने में कामयाब रही थी। छत्तीसगढ़ में तो कांग्रेस को तीन चौथाई से ज्यादा सीटें मिलीं। लेकिन लोकसभा चुनाव में राजस्थान व मध्य प्रदेश में कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई और छत्तीसगढ़ में से भी 11 में से सिर्फ दो सीट जीत पाई। पश्चिम बंगाल, ओड़िशा, झारखंड, दिल्ली, हरियाणा जैसे अनेक राज्यों में यह ट्रेंड देखने को मिला।

इसका अर्थ यह है कि क्षेत्रीय पार्टियों के लिए अपने दम पर राष्ट्रीय चुनाव में भाजपा और नरेंद्र मोदी को चुनौती देना बहुत मुश्किल है। भाजपा को चुनौती देने का एकमात्र रास्ता यह है कि विपक्षी पार्टियां साथ आएं और जिस राज्य में जिस पार्टी का मजबूत आधार है या जो मुख्य पार्टी हो वह उस राज्य में गठबंधन का नेतृत्व करे। इस तरह का गठबंधन बनाना बहुत मुश्किल नहीं होगा क्योंकि जो मजबूत क्षेत्रीय पार्टियां हैं वे या तो अपने राज्य की सत्ता में हैं या मुख्य विपक्षी पार्टी हैं। डीएमके, बीआरएस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, राजद–जदयू और जेएमएम ये सभी अपने अपने प्रदेश में सरकार चला रहे हैं। समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश में और एनसीपी महाराष्ट्र में मुख्य विपक्षी पार्टी है। सो, स्वाभाविक रूप से ये पार्टियां अपने अपने राज्य में गठबंधन का नेतृत्व कर सकती हैं। इन पार्टियों के वर्चस्व वाले राज्यों में कांग्रेस को समझौता करना होगा और बदले में इन पार्टियों को कांग्रेस के असर वाले राज्यों में कांग्रेस का समर्थन करना होगा। इस तरह से गठबंधन बनाना बहुत मुश्किल नहीं होगी। कई क्षेत्रीय पार्टियां पहले से इसका ताना–बाना बुन रही हैं।

इस तरह का गठबंधन बनाने और उससे नरेंद्र मोदी को चुनौती देने में विपक्ष के सामने दो मुश्किलें आएंगी। पहली मुश्किल अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी से है, जिसको हाल में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिला है। केजरीवाल मान रहे हैं कि ईश्वर उनसे कुछ कराना चाहते हैं इसलिए चमत्कार की तरह उनकी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा मिल गया है। 'ईश्वर की इच्छाइ को साकार करने के लिए वे ज्यादा से ज्यादा सीटों पर चुनाव लडऩा चाहेंगे और तब कांग्रेस के साथ उनका टकराव होगा। हालांकि उनकी कमजोरी यह है कि विचारधारा के स्तर पर उनमें बहुत भटकाव है और देश के ज्यादातर राज्यों में संगठन नहीं है। विपक्ष के सामने दूसरी मुश्किल यह होगी कि उसके पास बड़ा एजेंडा नहीं है। हिंदुत्व, राष्ट्रवाद और मजबूत नेतृत्व के भाजपा के एजेंडे के सामने विपक्ष के पास कोई बड़ा एजेंडा नहीं है। कुछ पार्टियां किसान का मुद्दा बना रही हैं लेकिन उसका असर एक सीमित इलाके में होगा। विपक्ष अगर राज्यवार गठबंधन बनाए और एक राष्ट्रीय एजेंडा तय करे तभी वह भाजपा को चुनौती देने में सक्षम होगा। हालांकि तब भी मोदी के मुकाबले कौन का यक्ष प्रश्न अनत्तरित रहेगा, जिसका चुनाव के समय मतदाताओं के दिमाग पर बड़ा असर होगा।

# सेहत के बारे में बहुत कुछ बताती है आंखें, इन 5 संकेतों को न करें नजरअंदाज

आंखें बाहरी दुनिया के दृश्यों को दिखाने के अलावा और सेहत के बारे में भी बहुत कुछ बताती हैं। ये अपनी स्थितियों के जरिए हमारे समग्र स्वास्थ्य का हाल बता सकती हैं। आपकी आंखें मधुमेह से लेकर कोरोना वायरस जैसी महमारी तक विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के शुरुआती चेतावनी संकेत दे सकती हैं। आइए आज हम आपको बताते हैं कि आंखें किन–किन स्वास्थ्य जोखिमों की ओर इशारा करती हैं।

**आंखों में खुजली** एक बार फिर से हर दिन कोरोना वायरस के मामलों में इजाफा हो रहा है और यह बहुत परेशानी पैदा कर रहा है। इसके बुखार, थकान और खांसी जैसे सामान्य लक्षणों से तो हर कोई वाकिफ है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि यह महामारी आंखों में खुजली भी उत्पन्न करती है। नए कोविड वैरिएंट एक्सबीबी 1.16, जिसे आर्कटुरस के नाम से भी जाना जाता है, इसका मुख्य लक्षण भी आंखों में खुजली होना ही है।

**धुंधली नजरें** धुंधली नजरें मधुमेह का संकेत दे सकती है। यह एक बीमारी है, जो रक्त में शर्करा के उच्च स्तर के कारण होती है। अनियंत्रित मधुमेह से डायबिटिक रेटिनोपैथी हो सकती है, जिससे आंखों में छोटी रक्त वाहिकाएं रक्त और तरल पदार्थ का रिसाव करती हैं। इसके परिणामस्वरूप धुंधली नजरें और रात में देखने में कठिनाई होती है। अगर आप मधुमेह को लेकर चिंतित हैं तो इन पांच योगासनों को आजमाकर उसे नियंत्रित करने में सफल हो सकते हैं। **कॉर्निया के चारों ओर गोला बनना** कॉर्नियल आर्कस एक ऐसी स्थिति है, जिसमें कॉर्निया के बाहरी किनारे पर वसा जमा होकर एक ग्रे–सफेद रेखा बनती है। कुछ मामलों में डिपॉजिट एक पूरा घेरा बना सकता है और आंखों का रंग भी बदल सकता है। हालांकि, यह स्थिति आमतौर पर वृद्ध व्यक्तियों में दिखती है। इसी तरह 40 वर्ष से कम उम्र के लोगों को भी यह पता होना चाहिए कि यह खतरनाक रूप से उच्च कोलेस्ट्रॉल (हृदय रोग) का संकेत हो सकता है। **उभरी हुई आंखें** उभरी हुई आंखें ग्रेव्स रोग का संकेत दे सकती हैं। यह एक ऐसी स्थिति जिसके परिणामस्वरूप थायराइड हार्मोन का अधिक उत्पादन होता है। इसके अन्य लक्षणों में चीजें को दोहरा दिखाई देना, नजरें कमजोर होना, हाथ कांपना, वजन घटना और दस्त शामिल हैं।

# क्या समलैंगिक शादी को मिलेगी कानूनी मान्यता, केंद्र ने अभिजात वर्ग की सोच क्यों कहा?

**नई दिल्ली , एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ द्वारा समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर मंगलवार से सुनवाई शुरू की गई है। इससे पहले, केंद्र ने कोर्ट में नया आवेदन दायर किया जिसमें उसने सुप्रीम कोर्ट द्वारा समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर विचार करने पर सवाल उठाए। केंद्र ने कहा कि शादी एक सामाजिक संस्था है और इस पर किसी नए अधिकार के सृजन या संबंध को मान्यता देने का अधिकार न्यायपालिका के अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

पिछले कुछ समय में देशभर की कई अदालतों में याचिकाएं दायर करके समलैंगिक विवाह को वैधानिक मान्यता देने की मांग की जा रही है। मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने ऐसी 20 याचिकाओं को क्लब करके सुनवाई शुरू की। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायमूर्ति रवींद्र भट, न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा शामिल हैं।




मामला सुप्रीम कोर्ट कैसे पहुंचा?

25 नवंबर, 2022ः दो समलैंगिक जोड़ों ने विशेष विवाह अधिनियम के तहत समलैंगिक विवाह को मान्यता देने के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया, जिसके बाद अदालत ने याचिका पर नोटिस जारी किया।

14 दिसंबर, 2022ः सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक जोड़े द्वारा दायर एक अन्य याचिका पर नोटिस जारी किया।

6 जनवरी, 2023ः सुप्रीम कोर्ट ने विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने की मांग वाली सभी याचिकाओं को शीर्ष अदालत में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया। उखक डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने इस मुद्दे पर दिल्ली, केरल और गुजरात सहित विभिन्न उच्च न्यायालयों के समक्ष लंबित सभी याचिकाओं को स्थानांतरित कर दिया।30 जनवरी, 10 फरवरी, 20 फरवरी और 3 मार्च, 2023ः सुप्रीम कोर्ट ने इसी तरह की मांग करने वाली और याचिकाओं पर नोटिस जारी किया और उन्हें मुख्य मामले से क्लब कर दिया।

12 मार्च, 2023ः केंद्र ने समलैंगिक विवाह का विरोध करते हुए सुप्रीम कोर्ट के समक्ष एक हलफनामा दायर किया।

13 मार्चः सुप्रीम कोर्ट ने मामले को संविधान पीठ के पास भेज दिया।

1 अप्रैल, 2023ः जमीयत उलमा–ए–हिंद ने समलैंगिक विवाहों को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं का विरोध किया।

6 अप्रैल 2023ः दिल्ली बाल अधिकार संरक्षण आयोग (ऊळढउफ) ने एक हस्तक्षेप आवेदन दायर किया, जिसमें समलैंगिक विवाह और समान–लिंग वाले जोड़ों को गोद लेने के अधिकार का समर्थन किया गया।

15 अप्रैल, 2023ः सुप्रीम कोर्ट ने समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करने के लिए पांच जजों की बेंच के गठन को अधिसूचित किया।

17 अप्रैल, 2023ः केंद्र ने एक नया आवेदन दायर किया और याचिकाओं की संविधान पीठ द्वारा सुनवाई पर सवाल उठाए।

17 अप्रैल, 2023ः राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने कई पहलुओं पर आपत्ति जताई।

समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता देने के विरोध में कौन?

समलैंगिक विवाह को कानूनी मान्यता मिलेगी या नहीं यह तो कोर्ट में तय होगा लेकिन इससे पहले कई स्तर पर इसका विरोध हो रहा है। केंद्र सरकार से लेकर, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और सामाजिक संगठनों ने इसका विरोध किया है।

विदेश मंत्री ने आगे कहा कि उनके बारे में योजनाओं को एक बहुत ही जटिल सुरक्षा परिदृश्य को ध्यान में रखना होता है। दूतावास इस संबंध में लगातार मंत्रालय के संपर्क में है। उनकी स्थिति का राजनीतिकरण करना आपके लिए घोर गैरजिम्मेदाराना है। कोई भी चुनावी लक्ष्य विदेशों में भारतीयों को खतरे में डालने को सही नहीं ठहराता। गौरतलब है कि 14 अप्रैल को लड़ाई शुरू होने के बाद से, खार्तूम में भारतीय दूतावास सूडान में अधिकांश भारतीय नागरिकों और पीआईओ के साथ लगातार संपर्क में है।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बयान में कहा कि खार्तूम में हालात बेहद चिंताजनक हैं और भारत स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है। वहीं एक भारतीय की मौत पर जयशंकर ने कहा कि वे इसे लेकर काफी दुखी हैं और दूतावास परिवार को सारी मदद मुहैया कराने की कोशिश में है। जयशंकर ने ट्वीट कर कहा कि वह भारतीय नागरिक की मौत से आहत हैं। भारतीय दूतावास आगे की औपचारिकताएं पूरी करने के लिए पीड़ित परिवार और चिकित्सा विभाग के संपर्क में है।

वहीं, खार्तूम में बड़े पैमाने पर हिंसा के बाद भारतीय दूतावास ने भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने और घर के अंदर रहने की सलाह दी। शनिवार को एक ट्वीट में, मिशन ने भारतीयों से शांत रहने और अपडेट की प्रतीक्षा करने का भी आग्रह किया।

अफ्रीकी देश सूडान इन दिनों हिंसा की चपेट में जकड़ा हुआ है। यहां की राजधानी खार्तूम में सेना और देश के ताकतवर अर्धसैनिक बल, रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच भयंकर लड़ाई छिड़ी हुई है। शनिवार से शुरू हुई हिंसक झड़प मंगलवार को चौथे दिन भी जारी रही। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के मुताबिक, इस झड़प में अब तक कुल 185 लोग मारे जा चुके हैं जबकि घायलों की संख्या 1800 है।

हालिया हिंसक घटनाओं की जड़ें तीन साल पहले हुआ तख्तापलट से जुड़ी हैं। दरअसल, अप्रैल 2019 में एक विद्रोह के बीच सैन्य जनरलों द्वारा लंबे समय से शासन कर रहे निरंकुश शासक उमर अल–बशीर को सत्ता से बेदखल कर दिया था। तब से वह एक संप्रभु परिषद के माध्यम से देश चला रही है। सेना और आरएसएफ प्रतिद्वंद्विता राष्ट्रपति उमर अल–बशीर के शासन के समय से चली आ रही है। ताजा झड़प की वजह ये है कि सूडान की सेना का मानना है कि आरएसएफ, अर्द्धसैनिकल बल के तहत आती है और उसे सेना में शामिल नहीं किया जाना चाहिए।

## रूस, ब्राजील ने परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग की संभावनाएं तलाशी : लावरोव

**मॉस्को ,एजेंसी।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने कहा कि रूस और ब्राजील दोनों देशों में परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग की अच्छी संभावनाएं जतायी गयी हैं और द्विपक्षीय संस्थानों के काम की बहाली के लिए एक कार्यक्रम के प्रारूप को तैयार किया है।

लावरोव ने ब्राजील के विदेश मंत्री के साथ बातचीत के बाद संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा, आज हमने उन क्षेत्रों के बारे में बात की जो दोनों देशों और नागरिकों के हित में विकसित करने की जरुरत है। यह निश्चित रूप से ऊर्जा उद्योगज. परमाणु ऊर्जा का शांतिपूर्ण इस्तेमाल के लिए अच्छी संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि दोनों देश अंतरिक्ष, कृषि, स्वास्थ्य सेवा और दवा उद्योग के शांतिपूर्ण उपयोग को विकसित करने में भी रुचिकर हैं।

## संयुक्त राष्ट्र सूडान से अपने कर्मचारियों को निकालेगा : पर्थेस

**संयुक्त राष्ट्र ,एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिनिधि वोल्कर पर्थेस ने कहा कि संघर्षविराम खत्म न होने और मृतकों की बढ़ती संख्या के बीच वह सूडान से अपने कुछ कर्मचारियों और उनके परिवारों को निकालेगा।

बयान में कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने पहले सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) और रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएएफ) के बीच संघर्ष के बाद तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया था। उन्होंने निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि रविवार को संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाले मानवीय संघर्ष विराम का केवल 'आंशिक रूपइ से सम्मान किया गया था।श्री पर्थेस ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा, हमें अपने कुछ कर्मचारियों, गैर–आवश्यक कर्मचारियों और उनके रिश्तेदारों को निकालना होगा। श्री पर्थेस सूडान में संयुक्त राष्ट्र मिशन के प्रमुख भी हैं। उन्होंने कहा कि सूडान में हिंसा के चलते अभी तक 180 से अधिक लोग मारे जा चुके है और 1800 लोग घायल हो गए हैं।

## चीन की एक फैक्टरी में आग लगने से 11 लोगों की मौत

**हांगझोउ , एजेंसी।** पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत के जिंहुआ शहर में एक फैक्टरी की इमारत में आग लगने से 11 लोगों की मौत हो गई है। स्थानीय अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी।

स्थानीय अधिकारियों ने आज बताया कि सोमवार अपराह्न करीब दो बजकर चार मिनट पर वुई काउंटी के औद्योगिक क्षेत्र में एक इमारत की तीसरी मंजिल आग लगने के बाद कई लोग फंस गए। आग के चपेट में आने से कम से कम 11 लोगों की मौत हो गयी। दो बार की तलाश एवं बचाव अभियान के बाद मंगलवार तड़के करीब चार बजे मृतकों की संख्या की पुष्टि की गई। फैक्ट्री में आग लगने की कारणों की जांच की जा रही है।

## नामीबिया का नर चीता 'ओबन फिर कूनो से निकला, 15 किमी दूर जंगल में दिखा

**भोपाल, एजेंसी।** आठ नामीबियाई चीतों में से एक पांच साल का ओबन एक बार फिर कूनो नेशनल पार्क (केएनपी) से निकल गया और उसे वहां से करीब 15 किमी दूर पड़ोसी शिवपुरी वन प्रभाग में देखा गया।

केएनपी के वन अधिकारियों के अनुसार, नर चीता दो सप्ताह के भीतर दूसरी बार बाड़े से बाहर निकला है। पिछली बार, ओबन को वन अधिकारियों के पांच दिनों के प्रयासों के बाद गांव के पास के एक खेत से केएनपी लाया था।

## पटना के बाद अब इस रेलवे स्टेशन के एलईडी डिस्प्ले पर चला अश्लील संदेश, मचा हड़कंप

**पटना एजेंसी,।** पटना रेलवे स्टेशन के टेलीविजन स्क्रीन पर अश्लील वीडियो चलाए जाने के एक महीने बाद, भागलपुर में भी इसी तरह का एक मामला सामने आया है। यहां एक एलईडी जन जागरूकता स्क्रीन पर अश्लील सामग्री दिखाई गई। भागलपुर रेलवे स्टेशन के पास अंबेडकर चौक पर एलईडी डिस्प्ले स्क्रीन है, जिसमें सोमवार को अश्लील सामग्री दिखाई दी।

बड़ी संख्या में लोग वहां जमा हो गए और कुछ ने मोबाइल फोन पर मैसेज को कैमरे में कैद कर लिया और इसे सोशल मीडिया पर डाल दिया। भागलपुर का जिला प्रशासन तुरंत हरकत में आया और डिस्प्ले बोर्ड और संदेश को हटा दिया।

जांच में पता चला कि भागलपुर नगर निगम ने शहर के सौंदर्यीकरण के लिए जीवन जागृति सोसायटी को ठेका दिया था। इसने लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के लिए शहर के कुछ स्थानों पर एलईडी डिस्प्ले बोर्ड लगाए हैं। एलईडी डिस्प्ले बोर्ड एक कंट्रोल रूम से संचालित होता है। सोसायटी के अध्यक्ष अजय कुमार ने दावा किया कि इसे कुछ लोगों ने हैक कर लिया। इसलिए, अश्लील संदेश स्क्रीन पर प्रदर्शित हुआ।

## सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने पर 80 युवा गिरफ्तार

**छत्रपति संभाजीनगर एजेंसी,।** छत्रपति संभाजीनगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कम से कम 80 लोगों को सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक या भड़काऊ सामग्री पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जिला पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) मनीष कलवानिया ने कहा कि इस साल जनवरी से सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक सामग्री जैसे स्टेटस, वीडियो, एमएमएस, एसएमएस, अफवाहें और अन्य सामग्री को बिना सत्यापन के पोस्ट करने वालों पर कार्रवाई की गई है।

साइबर पुलिस की टीमों ने जिले के विभिन्न हिस्सों से विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर आदि पर इस तरह की आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों को ट्रैक किया और उन्हें संबंधित कानूनों के तहत गिरफ्तार किया। कलवानिया ने कहा कि 80 आरोपी खुल्ताबाद, सिल्लोड, वैजापुर, पिशोर, पघोड़, बिदकिन, कन्नड़, फूलंबरी, गंगापुर और अन्य शहरों से हैं और उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## हाईकोर्ट का आदेश, विधवा बहू को अपने सास–ससुर को गुजारा भत्ता देने की जरूरत नहीं

**मुंबई एजेंसी।** बॉम्बे उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ ने एक आदेश में कहा है कि बहू को अपने पति की मृत्यु के बाद सास–ससुर को गुजारा भत्ता देने की आवश्यकता नहीं है। न्यायमूर्ति किशोर संत की पीठ ने इस मामले में महाराष्ट्र के लातूर शहर के न्यायाधिकरण ग्राम न्यायालय (स्थानीय अदालत) द्वारा दिए गए आदेश को चुनौती देते हुए 38 वर्षीय महिला शोभा तिड़के द्वारा दायर की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए 12 अप्रैल को यह आदेश दिया है। उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा है कि भारतीय दंड संहिता के अनुच्छेद 125 के अनुसार यह स्पष्ट होता है कि इस अनुच्छेद में सास और ससुर को शामिल नहीं किया गया है।

याचिकाकर्ता शोभा के पति महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) में काम करता था, जिसकी मृत्यु के बाद शोभा ने जेजे अस्पताल में काम करना शुरू किया। शोभा की 60 वर्षीय सास कांताबाई तिड़के और 68 वर्षीय किशनराव तिड़के ने दावा किया था कि उनके बेटे की मौत के बाद उनकी आमदनी का कोई स्रोत नहीं है और बहू उन्हें गुजारा भत्ता दे। महिला ने दावा किया कि उसके पति के माता–पिता की गांव में जमीन और घर है और उन्हें एमएसआरटीसी से मुआवजे के रूप में 1.88 लाख रुपये मिले हैं।उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में कहा कि इस बात का संकेत नहीं मिलता है कि शोभा तिड़के को यह नौकरी अनुकंपा के आधार पर मिली है। न्यायालय ने कहा कि यह स्पष्ट है कि याचिकाकर्ता का पति एमएसआरटीसी में काम कर रहा था और खुद याचिकाकर्ता राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग में नियुक्त हुई थी। इसलिए इनकी नियुक्ति का आधार अनुकंपा नहीं है। आदेश में कहा गया कि मृतक के माता–पिता को उनके बेटे की मौत के बाद मुआवजा मिला है और गांव में उनकी जमीन और घर भी है। इसलिए पति की मौत के बाद उसकी पत्नी द्वारा सास–ससुर को गुजारा भत्ता दिए जाने का कोई मामला नहीं बनता है।

## हैदराबाद में शख्स ने बीमार मां की गला दबा कर की हत्या

**हैदराबाद ,एजेंसी।** तेलंगाना में एक शख्स ने अपनी मां को बोझ समझकर मार डाला और फिर उसे दफना दिया। चौंकाने वाली घटना तेलंगाना के कामारेड्डी जिले में हुई। पुलिस के अनुसार, चिन्ना बलय्या नाम के व्यक्ति ने बिस्तर पर पड़ी बीमार मां ई. बालव्वा (80) की कपड़े से गला दबाकर हत्या कर दी और बाद में उसे दफना दिया।

कुछ दिन पहले बलैया ने सदाशिव नगर में अपने पड़ोसियों को बताया था कि उसकी मां लापता हो गई है। उसने दावा किया कि जिस कमरे में वह रह रही थी, वह बाहर से बंद है। हालांकि, एक स्थानीय जनप्रतिनिधि को संदेह हुआ। मंडल परिषद प्रादेशिक समिति (एमपीटीसी) के सदस्य बीरैया ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ।

बलय्या ने अपनी मां की हत्या करना कबूल कर लिया है। उसने पुलिस को बताया कि वह उसके लिए बोझ बन गई थी और वह उसकी देखभाल करने में असमर्थ था। 13 अप्रैल की रात उसने कपड़े से अपनी मां की गला दबा कर हत्या कर दी। फिर वह उसके शव को एक चावल मिल के पीछे सुनसान जगह पर ले गया और दफना दिया।

## अदालतों में केस की सुनवाई समय से हो पूरा

### सुनिश्चित करने में जुटा गृह मंत्रालय; तैयार हो रहा प्लेटफार्म

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अब पीड़ित को न्याय की आस में सालों–साल इंतजार नहीं करना होगा। अदालतों में समयबद्ध न्याय सुनिश्चित करने के लिए गृह मंत्रालय ई–अभियोजन पोर्टल के माध्यम से देश भर के अदालतों में चल रहे केस पर नजर रख रहा है। हाल ही में ई–प्रोसीक्यूशन पोर्टल में नया फीचर जोड़ा गया है, जो किसी केस की सुनवाई के दौरान सरकारी वकील द्वारा अदालत से स्थगन मांगने पर नजर रखेगा और दो बार स्थगन मांगे जाने पर तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को इसके बारे में अलर्ट कर देगा।

इंटर–आपरेबल क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम (आइसीजेएस) के दूसरे फेज के क्रियान्वयन से देश की अदालतों में चल रहे करोड़ों मुकदमों पर नजर रखना संभव हो सका है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पिछले साल फरवरी में आइसीजेएस–फेज दो मंजूरी दी।




आइसीजेएस फेज–दो में क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम (सीसीटीएनएस) के तहत तैयार अलग–अलग प्लेटफार्म पर तैयार किये गए ई–पुलिस, ई–कोर्ट, ई–जेल, ई–फारेंसिक और ई–अभियोजन को आपस में जोड़ा जा रहा है।

इसे "वन डाटा, वन इंट्री" के सिद्धांत पर तैयार किया जा रहा है। यानी किसी एक प्लेट-फार्म पर डाला गया, अन्य प्लेटफार्म पर स्वतः उपलब्ध हो जाएगा। इसके लिए हाई–स्पीड कनेक्टिविटी के साथ एक समर्पित और सुरक्षित क्लाउड आधारित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है।

गृह मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार ई–अभियोजन के तहत अदालत में सुनवाई पर नजर रखने का काम 751 अभियोजन जिलों में शुरू हो गया है। जबकि 153 जिलों में इसपर तेजी से काम हो रहा है। इसके साथ ही सीसीटीएनएस के तहत देश के सभी 16,625 पुलिस स्टेशनों को ई–पुलिस से जोड़ा जा चुका है और 99.9 फीसद पुलिस स्टेशनों (16,597) में 100 फीसद एफआइआर सीसीटीएनएस पर दर्ज किया जा रहा है।

यही नहीं, पुराने पुलिस रिकार्ड को सीसीटीएनएस पर अपलोड किये जा रहे हैं। अब तक 28.98 करोड़ रिकार्ड हैं। यही नहीं, देश के 1300 जेलों में ई–जेल को लागू किया जा चुका है और 117 फारेंसिक लेबोरेटरीज को ई–फारेंसिक से जोड़ा जा चुका है।

## उदयपुर के बछार गांव में मां और तीन बच्चों की कुएं में डूबने से मौत

**मुंबई, एजेंसी।** शहर के समीपवर्ती नाई थाना क्षेत्र के बछार गांव में मंगलवार को दर्दनाक हादसा सामने आया है। जिसमें एक ही परिवार के चार लोगों की कुएं में डूबने से मौत हो गई। जिनमें मां और उनके तीन बच्चे शामिल हैं। घटना को लेकर दो चर्चा सामने आ रही हैं। जिसमें कहा जा रहा है कि पहले 12 साल का बच्चा कुएं में गिर गया था। जिसे बचाने को पहले मां कुएं में कूदी और मां को देखकर दोनों बहनें भी कुएं में कूद गई थीं। जबकि चर्चा यह भी है कि बीमारी से परेशान होकर मां ने पहले अपने बच्चों को कुएं में धकेला और बाद में कुएं में कूदकर जान दे दी। जानकारी के मुताबिक घटना उदयपुर शहर से करीब 35 किलोमीटर दूर बछार गांव की है। जहां दीता मीणा का 12 वर्षीय बेटा खेलते–खेलते अचानक कुएं में गिर गया था।

## कैलिफोर्निया गुरुद्वारे में गोलीबारी के मामले में पुलिस ने 17 सिखों को किया गिरफ्तार

**न्यूयॉर्क , एजेंसी।** पुलिस ने 2022 और 2023 के बीच स्टॉकटन और सैक्रामेंटो में सिख गुरुद्वारे सहित पूरे उत्तरी कैलिफोर्निया में सामूहिक गोलीबारी में संलिप्तता के आरोप में 17 सिख पुरुषों को गिरफ्तार किया है।

एक संयुक्त कानून प्रवर्तन अभियान में, सटर, सैक्रामेंटो, सैन जोकिन, सोलानो, योलो और मेरेड काउंटी में पांच हत्याओं के प्रयास सहित कई हिंसक अपराधों और गोलीबारी के लिए जिम्मेदार संदिग्धों से 41 फायरआर्म्स जब्त किए गए थे।

कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोंटा, युबा सिटी के पुलिस प्रमुख ब्रायन बेकर और सटर काउंटी डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी जेनिफर डुप्रे ने घोषणा की, कि संयुक्त कानून प्रवर्तन प्रयास सोमवार को 20 स्थानों पर सर्च वारंट निष्पादित करने वाले एजेंटों के साथ बड़े पैमाने पर ऑपरेशन में समाप्त हुआ।

डुप्रे ने कहा कि दो सिंडिकेट, ज्यादातर स्थानीय सिख समुदाय के सदस्य, कई गोलीबारी के लिए जिम्मेदार थे, जहां अगस्त 2022 में स्टॉकटन के एक सिख मंदिर में पांच लोगों और 23 मार्च, 2023 को सैक्रामेंटो के एक गुरुद्वारे में दो लोगों सहित 11 लोगों को गोली मार दी गई थी।

करणदीप सिंह, प्रदीप सिंह, पवित्र सिंह, हुसैनदीप सिंह, सहजप्रीत सिंह, हरकीरत सिंह, तीरथ राम, धर्मवीर सिंह, जोबनजीत सिंह, गुरविंदर सिंह, नीतीश कौशल, गुरमिंदर सिंह कांग, देवेंद्र सिंह, करमबीर गिल, राजीव रंजन जोबनप्रीत सिंह और सिंह ढेसी को गुंडागर्दी के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

पुलिस ने अभी तक अमनदीप सिंह, हरमनदीप सिंह, गुरशरण सिंह, ग्रुचरण सिंह और जसकरण सिंह को गिरफ्तार नहीं किया है। कैलिफोर्निया के अटॉर्नी जनरल रॉब बोंटा ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, किसी भी परिवार को बंदूक हिंसा को लेकर डरने की जरूरत नहीं है।

इस संयुक्त कानून प्रवर्तन प्रयास के चलते, हम बंदूकों को सड़क से हटा रहे हैं और संदिग्धों को डाल रहे हैं। गिरोह के सदस्य और उनके सहयोगी सलाखों के पीछे हैं। फरवरी 2023 में शुरू हुई जांच के दौरान, कानून प्रवर्तन दो अतिरिक्त गोलीबारी को होने से रोकने में सक्षम था।

## आबकारी नीति घोटाला : ईडी मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका पर कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

**नई दिल्ली एजेंसी,।** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को आबकारी नीति मामले में मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले की जांच ईडी कर रही है। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश एम.के. नागपाल 26 अप्रैल को फैसला सुनाएंगे। इस मामले में सोमवार को कोर्ट ने सिसोदिया की न्यायिक हिरासत दो हफ्ते के लिए बढ़ा दी थी।ईडी ने पहले न्यायाधीश नागपाल की पीठ के समक्ष कहा था कि सिसोदिया ने यह दिखाने के लिए मनगढ़ंत ईमेल लगाए थे कि नीति के लिए सार्वजनिक स्वीकृति थी। ईडी ने अदालत को बताया कि इन पूर्व–तैयार ईमेलों को भेजने के निर्देश दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष जाकिर खान को दिए गए थे, जिन्होंने अपने इंटर्न से ईमेल भेजने के लिए कहा था।

## चैरिटेबल ट्रस्ट में दान करना पड़ा भारी, आयकर विभाग ने टैक्स चोरी करने वाले 8000 को भेजा नोटिस

**नई दिल्ली , एजेंसी।** अगर आपने टैक्स बचाने के चक्कर में बड़ी मात्रा में पैसा दान किया है तो आपको चैरिटेबल ट्रस्टों में भारी मात्रा में पैसा दान करना भारी पड़ सकता है। क्योंकि भारत में इनकम टैक्स विभाग ने करीब 8,000 टैक्सपेयर्स को चैरिटेबल ट्रस्टों को दिए गए बड़े दान के कारण नोटिस जारी किया है। इनमें धर्मार्थ ट्रस्ट शामिल हैं, जो टैक्स चोरी के प्रयास के संदेह में बड़े दान दिए हैं। अधिकारियों ने बताया कि डेटा एनॉलिटिक्स से पता चला है कि ये करदाता अपनी आय और व्यय के अनुपात में दान कर रहे थे। जिन लोगों को नोटिस भेजी गई है, उनमें कंपनियों के अलावा वेतनभोगी और सेल्फ इंप्लायड भी शामिल हैं।

अफसरों का कहना है कि इन व्यक्तियों और संस्थाओं ने अपनी कमाई के अनुरूप दान नहीं किया है। दान की गई राशि उतनी ही गई है, जितनी छूट पाने या टैक्स स्लैब को कम करने के लिए आवश्यक है। अधिकारी अब स्वतंत्र टैक्स स्पेशलिस्टों की जांच कर रहे हैं , जिन्होंने इन लेनदेन की सुविधा उपलब्ध कराई।मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ये नोटिस मार्च के मध्य और अप्रैल के शुरुआती दिनों में भेजे गए हैं। नोटिस उन लोगों को भेजा गया है, जो एसेसमेंट ईयर 2017–18 और 2020–21 के आयकर रिटर्न में गड़बड़ी किए हैं। कुछ और लोगों को अगले हफ्ते नोटिस जारी की जा सकती है।अफसरों के मुताबिक टैक्सपेयर्स ने अपनी कमाई के अनुरूप दान नहीं किया है। ऐसे लोगों ने चैरिटेबल ट्रस्टों को कमीशन देकर दान की रसीद ली है।

